# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–167 । सागर, शुक्रवार, 4 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



स्वच्छता के नाम पर लगाए जा रहे फर्जी बिल लेकिन पंचायत में फैली गंदगी — पृष्ठ 2

▪ हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं
▪ इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है? — पृष्ठ 4

▪ संभागायुक्त और पुलिस महानिरीक्षक ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा — 6


कृषि मंत्री रहते हुए किसानों के लिए बनाई योजनाएं, लाभ ले रहे किसानः गोपाल भार्गव — 8


गृह मंत्री शाह बोले, केंद्र को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार

# दिल्ली बिल लोकसभा में पास

- कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने किया विरोध
- आप सांसद रिंकू बचे सत्र के लिए निलंबित
- अब बिल को राज्यसभा में किया जाएगा पेश






**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद के मानसून सत्र के 11वें दिन गुरुवार को लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पास कर दिया गया। वहीं, स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे। रिंकू पर वेल में आकर कागज फाड़ने का आरोप था। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

**विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। ये विधेयक का विरोध राजनीति के लिए कर रहे हैं। नेहरू, पटेल भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे : अमित शाह, गृह मंत्री**

लोकसभा में 2 बजे दिल्ली अध्यादेश विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों को गठबंधन का नहीं, दिल्ली का सोचना चाहिए। एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है। शाह ने ये भी कहा कि मणिपुर पर जितनी चर्चा चाहें, कर लें, मैं जवाब दूंगा। वहीं इस दौरान कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके सहित अन्य विपक्षी दलों ने बिल का कड़ा विरोध किया।

अमित शाह ने विधेयक के पक्ष में तर्क देते हुए सदन में कहा, 'अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को संदर्भित करता है जिसमें कहा गया है कि दिल्ली को लेकर किसी भी मुद्दे पर सरकार को कानून बनाने का अधिकार है।' उन्होंने बताया कि संविधान में भी हमें ये अधिकार दिया गया। अमित शाह ने आगे कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी, राजेंद्र प्रसाद और डॉ. बी.आर. अंबेडकर भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। ये विधेयक का विरोध राजनीति के लिए कर रहे हैं। गृह मंत्री के बोलने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ■ शेष पृष्ठ 5 पर



**शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे: अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस नेता**

### विधेयक में क्या प्रावधान है

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 में उपराज्यपाल को दिल्ली के अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना पर अंतिम अधिकार प्रदान करने का प्रावधान है।

### दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने वाला बिल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, आज लोक सभा में अमित शाह जी को दिल्ली वालों के अधिकार छीनने वाले बिल पर बोलते सुना। बिल का समर्थन करने के लिए उनके पास एक भी वाजिब तर्क नहीं है। बस इधर उधर की फालतू बातें कर रहे थे। वो भी जानते हैं वो गलत कर रहे हैं। ये बिल दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने वाला बिल है।

### राज्यसभा में धनखड़ की बात पर लगे ठहाके

राज्यसभा में तीखी बहस के बीच हल्के पल भी देखने को मिले। सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बोलने के लिए कहा। खड़गे ने कहा– मैं दो सेकंड के लिए बैठ गया। आप शायद गुस्से में थे। इस पर धनखड़ ने कहा कि मैं 45 साल से शादीशुदा जीवन जी रहा हूं, मैं कभी गुस्सा नहीं करता। इस पर सभी सदस्य हंस दिए।

राष्ट्रपति ने 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव का शुभारंभ किया, कहा-

# आपसी समझ विकसित करने में साहित्य व कला का महत्वपूर्ण योगदान



### अनुवाद भारतीय साहित्य को और समृद्ध करेगा

**भोपाल, देशबन्धु।** विभिन्न संस्कृतियों में समन्वय और आपसी समझ विकसित करने में साहित्य और कला का महत्वपूर्ण योगदान है। साहित्य वैश्विक समुदाय को शक्ति प्रदान करता है। साहित्य की कालातीत श्रेष्ठता से हर व्यक्ति परिचित है। विलियम शेक्सपियर की अमर कृतियां आज भी इसका प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य आपस में जुड़ता भी और जोड़ता भी है। मैं और मेरा से ऊपर उठकर रचा गया साहित्य और कला सार्थक होते हैं। यह बात राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कही। वह भोपाल में 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की भाषाएं और बोलियां मेरी है। विभिन्न भाषाओं में रचनाओं का अनुवाद भारतीय साहित्य को और समृद्ध करेगा। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल विहारी वाजपेयी का संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रयास अत्यंत सराहनीय था। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उन्मेष का अर्थ आंखों का खुलना और फूल का खिलना है। यह प्रज्ञा का प्रकाश और जागरण है। 19वीं शताब्दी में नव–जागरण की धाराएं 20वीं सदीं के पूर्वार्द्ध तक प्रवहमान रहीं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वधीनता और पुनर्जागरण के आदर्शों को साहित्यकारों ने बखूबी अभिव्यक्त किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्कर्ष जनजातीय समाज की उन्नति का उत्सव है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जिस दिन भारत का जनजातीय समाज उन्नत हो जाएगा, उस दिन भारत विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा है कि प्रदेश की जनजातीय ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### भारत की विभिन्न परंपराओं को जोड़ने का प्रयास : राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल कहा कि उन्मेष के दौरान जनजातीय कवि–लेखक सम्मेलन, भारत एट सेवन्टी पर कविता पाठ और मध्यप्रदेश के गीत के सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। उन्मेष और उत्कर्ष भारत की विभिन्न परंपराओं को जोड़ने का प्रयास है। श्री पटेल ने कहा कि विचार–भावना और आत्म–शक्ति के समन्वय से ही रचना का सृजन होता है। इसके लिए किसी साधन–संसाधन की आवश्यकता नहीं होती। इसका जीवंत प्रतिरूप जनजातीय समुदाय की कलात्मकता है, जिसकी कला, रचना–कौशल, संगीत और नृत्य, काल की सीमाओं से परे अमिट मूल्यों, मौलिक सादगी और गहन अनुभूति का अद्भुत आभास कराते हैं।

### साहित्य, कला और संगीत में दुनिया को एक बनाए रखने का सामर्थ्य : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश का सौभाग्य है कि हमें अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव 'उन्मेष' और लोक एवं जनजातीय अभिव्यक्तियों के उत्सव 'उत्कर्ष' जैसे भव्य और गरिमामय आयोजन की मेजबानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि मनुष्य को यह सुख अगर कोई देता है, तो वह साहित्य, संगीत और कला ही है। आज बड़ी संख्या में गणमान्य साहित्यकार, कलाकार और संगीतकारों ने यहां अपनी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुझे विश्वास है कि साहित्य, कला और संगीत में दुनिया को एक बनाए रखने का सामर्थय है। भौतिकता की अग्नि में दग्ध मानवता को शास्वत शांति का दिग्दर्शन कला, संगीत और साहित्य ही कराएंगे।' श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की स्वच्छता के लिए प्रतिबद्धता से देश उत्साह के साथ प्रेरणा प्राप्त करता है।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत सचिव सम्मेलन में की महत्वपूर्ण घोषणाएं

# पंचायत सचिवों को मिलेगी नियमित शासकीय सेवकों की तरह सुविधा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत और सरकार के बीच सेतु की तरह कार्य करते हैं। ये सरकार को गाँव की सरकार से जोड़ते हैं। उनके कार्य में निरंतरता होती है। अनेक महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत सचिव ही क्रियान्वित करते हैं। आज मध्य प्रदेश आवास योजना, नल जल योजना और अन्य योजनाओं में अग्रणी है। कोविड काल में भी ग्राम पंचायत सचिवों ने लगातार कार्य किया। हाल ही में प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को बहुत कम समय में धरातल पर उतारने में ग्राम पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी मेहनत और ईमानदारी सराहनीय है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गाँव को विकसित, सुविधा संपन्न और आत्म–निर्भर बनाने में ग्राम पंचायत सचिव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह विकसित भारत के लिए भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज भोपाल के लाल परेड मैदान में पंचायत सचिव सम्मेलन में पंचायत सचिवों के हित में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्राम पंचायत सचिवों को नियमित कर्मचारियों की तरह विभिन्न सुविधाएँ दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव, हितग्राहियों को पेंशन दिलवाने और अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सजग रहते हैं। उन्होंने आशा की कि पंचायत सचिव निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, स्वच्छ भारत मिशन और रोजगार गारंटी योजना सहित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में कुशलता के साथ कार्य करते हुए अच्छे परिणाम लाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा आज समरसता के वातावरण के साथ विकास आवश्यक है और ग्राम पंचायत सचिव इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी मधुकर सांवले ने कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जैसा जननायक नहीं देखा। हाल ही में उन्होंने रोजगार सहायकों का वेतन 9 हजार से बढाकर 18 हजार मासिक किया है। किसी वर्ग या श्रेणी का वेतन दुगना करने का यह अनूठा उदाहरण है। इसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश प्रगति कर रहा है। उनके कर्मचारी हित के निर्णय अभिनंदनीय हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राम खेलावन पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों के सुझावों पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सकारात्मक निर्णय लिए हैं। उनके शब्दकोश में असंभव शब्द नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान का विशाल पुष्प–हार पहना कर और गदा भेंट कर सम्मान किया गया। उन्हें साफा भी बांधा गया।

कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, निर्धन वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष शिव चौबे, बाल मुकुंद पाटीदार, विनोद शर्मा निरंजन के अलावा अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास मलय श्रीवास्तव और पूरे प्रदेश से आए ग्राम पंचायत सचिव बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दिवंगत पंचायत कर्मचारी को श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पंचायत सचिव सम्मेलन में उन दो पंचायत सचिवों को भी श्रद्धांजलि दी जिनका असामयिक निधन हो गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि असमय दिवंगत कर्मचारी के परिवारों को दस–दस लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

### सम्मेलन में की गई घोषणाएं

- ग्राम सचिवों को 1 तारीख को ही वेतन मिल जाए, यह सुनिश्चित किया जाएगा।
- सातवें वेतनमान का लाभ तत्काल प्रभाव से पंचायत सचिवों को मिलेगा।
- पंचायत सचिवों को समयमान वेतनमान भी दिया जाएगा।
- पंचायत सचिव की असामयिक मृत्यु पर आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी, इसके लिए नियम सरल बनाए जाएंगे।
- पीसीओ (पंचायत समन्वयक अधिकारी) के पदों पर नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण ग्राम पंचायत सचिवों को मिलेगा।
- ग्राम पंचायत सचिवों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा।
- शासकीय सेवा की तरह अवकाश एवं अन्य सुविधाएं ग्राम पंचायत सचिवों को मिलेगी।
- ग्राम पंचायत सचिवों को नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधा देने के लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर पूर्ण की जाएगी। न्यू पेंशन का लाभ भी नियमित कर्मचारियों की तरह दिया जाएगा।
- सेवानिवृत होने पर एक मुश्त तीन लाख रुपए की राशि पंचायत सचिवों को दी जाएगी।

# 16 अगस्त से दोबारा लोगों के लिए खुलेगा 'अमृत उद्यान'

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान (मुगल गार्डन) दूसर बार आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। आमतौर पर यह उद्यान प्राय: फरवरी माह में एक महीने के लिए खोला जाता है। लेकिन इस साल यह 16 अगस्त से दोबारा लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि उद्यान उत्सव–2 के तहत अमृत उद्यान एक महीने (सोमवार को छोड़कर) के लिए 16 अगस्त 2023 से आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस पर इसे खासतौर पर शिक्षकों के लिए खोला जाएगा। बयान के मुताबिक,उद्यान उत्सव–का उद्देश्य गर्मियों में खिलने वाले फूलों को प्रदर्शित करना है। इस उत्सव में सरकारी स्कूल के छात्रों को मुफ्त में प्रवेश दिया जाएगा। राष्ट्रपति भवन का यह अमृत उद्यान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों के लिए खुला रहेगा। हालांकि अंतिम प्रवेश शाम चार बजे तक ही होगा। पर्यटक नॉर्थ एवन्यू के समीप गेट नम्बर 35 से प्रवेश कर सकेंगे।




## सार-समाचार

### स्वर्ण जयंती महोत्सव पर प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**राहतगढ़, देशबन्धु।** मंडी बोर्ड स्थापना के 50 वर्ष होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव के मौके पर कृषि उपज मंडी परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कृषक संगोष्ठी पर कृषकों को अधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने मार्गदर्शन दिया साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों, हम्मालो एवं किसानों का शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। वहीं मंडी परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि मंत्री प्रतिनिधि अरविंदसिंह राजपूत ने कहा कि किसानों को फसलों की सही कीमत एवं लाभ देने के लिए मंडी बोर्ड का गठन किया गया है जिसकी हम आज 50 वीं सालगिरह मना रहे हैं। कृषि मंडी परिसर में किसानों के लिए अनेक सुविधाएं शासन ने उपलब्ध कराई है। इस मौके पर एसडीएम अशोक सेन, डॉ. आशीष त्रिपाठी, प्राचार्य आरके कपूर, आयुष श्रीवास्तव, अनुराग पाठक, वैभव कपूर, सचिन घोषी, मंडी निरीक्षक आरके मिश्रा, लेखापाल आशुतोष रावत आदि मौजूद थे।

### संत पहले अपने आचरण मे उतारते हैं, प्रयोग करते हैं फिर दूसरों से पालन करने के लिए कहते हैं: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** अहिंसा जगत की माता है, जन्म लेने वाला हर प्राणी जीना चाहता है, मरना नहीं चाहता, इसीलिए अपनी प्रकृति ऐसी करो जिसमें हिंसा ना हो यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर सागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा अपने मन वाणी और कर्म मे अहिंसा को उतारना ही होगा, एक इंद्रिय, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, वनस्पति से पंच इंद्रिय पशु पक्षी मनुष्य आदि संपूर्ण जीवो को अपने समान ही प्राणमान समझकर उनकी रक्षा करना ही अहिंसा है। दोष और पाप दोनों से बचो। संत पहले अपने जीवन में उतारते हैं, प्रयोग करते हैं फ़िर दूसरों से पालन करने के लिए कहते हैं। व्रत नियम में त्रुटि होना दोष है और जानबूझकर हिंसा करना पाप है, दोनों का त्याग करो। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा धन दान में, मन अध्ययन में और समय प्रभु के गुणगान में, अत: धन का सदुपयोग दान में करें, मन में उठने वाली विषय कषायों की तरंगों को अध्ययन से शांत करें, समय का उपयोग प्रभु भक्ति में करें, अन्यथा धन अपव्यय में, मन उलझनों में एवं समय नासमझी में बीत जाएगा और सिर्फ पछतावा ही हाथ लगेगा। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि मंगल कलश पुण्यार्जक परिवारों को ट्रस्ट कमेटी द्वारा सम्मान किया गया।

### धर्मशाला निर्माण जल्द कराने की मांग की



**राहतगढ़, देशबन्धु।** प्रजापति समाज ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को ज्ञापन देते हुए समाज के लोगो ने जगह चिन्हित कर जल्द धर्मशाला निर्माण की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 2020 उपचुनाव के समय मंत्री श्री राजपूत ने प्रजापति समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए 5 लाख की अनुदान की बात कही थी। उपचुनाव के समय की गई घोषणा को याद दिलाते हुए धर्मशाला निर्माण जल्द कराए जाने की मांग की। जिससे प्रजापति समाज को भी अपने धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करने का मौका समाज की ही धर्मशाला में मिले। ज्ञापन सौंपने वालों में समाज के ब्लॉक अध्यक्ष भगवानसिंह प्रजापति, सुशील प्रजापति, बंटी प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, प्रशांत प्रजापति, सुंदरलाल प्रजापति, रूपसिंह प्रजापति आदि मौजूद थे।

# स्वच्छता के नाम पर लगाए जा रहे फर्जी बिल लेकिन पंचायत में फैली गंदगी

**लाखों खर्च किए फिर भी नहीं हो पाया कचरे का निपटान, गजब कारनामा उसी से करा रहे मजदूरी उसी से खरीद डाला सामान**

**गौरझामर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायतों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए आदर्श बनाने का सरकार का प्रयास है एक और केंद्र और प्रदेश सरकार साफ सफाई को लेकर अनेकों अभियान के अंतर्गत लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वही पंचायतें फर्जीवाड़ा कर सरकार के अरमानों पर पानी फेर रही है, दरअसल मामला देवरी जनपद पंचायत के गौरझामर सर्किल आने वाली पंचायत गुगवारा से आया है जहां पंचायत स्तर पर स्वच्छता कहीं से कहीं दिखाई नहीं दे रही है और स्वच्छता के नाम पर पंचायत द्वारा फर्जी बिल लगाकर राशि आहरित की जा रही है कचरे दान के नाम से राशि निकली जा रही है, हद तो तब हो गई जब लखनलाल पटेल नामक व्यक्ति पंचायत में मजदूरी कर रहा है और उसी व्यक्ति से गुगवारा पंचायत ने सामग्री भी खरीद डाली, पंचायत द्वारा लखन लालपटेल के नाम पर 7000 रूपये मजदूरी और 20000 हजार रुपए 3 जुलाई 2023 को सामग्री के नाम से राशि निकाली गई, क्या ऐसा कर राशि निकालना संभव है अब यह तो वरिष्ठ अधिकारी जाने ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कचरा घर व नाडेप पंचायत ने बनाये तो हैं लेकिन पुराने नेशनल हाईवे 26 किनारे निर्माण करवा दिये सड़क पार कर कचरा डालने जाने के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, वही पीडब्ल्यूडी गैरकानूनी नाडेप को कभी भी तुड़वा सकता है जिससे शासन को चूना लगेगा जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा बर्बाद हो जाएगा उसकी भरपाई कौन करेगा। ग्राम वासियों ने बताया बरसात को करीब एक माह से ज्यादा बीत चुका है नालियों की सफाई नही होने से नालियों बंद पड़ी हैं और बंद नालियों में पानी जमा होने से मच्छर पैदा रहे जिससे बीमारियां फैलने की संभावना बनी है ग्राम वासियों ने पंचायत कर्मचारियों से मांग की हे तत्काल नालियों की सफाई करवा कर दवाई का छिड़काव किया जाए जिससे मच्छर पैदा न हो सके और बीमारियों की संभावना से निजात मिल सके।




> मुझे पता नहीं किस के पैसे निकाले गए हैं सचिव से बात करके बताता हूं।
>
> -नीलेश जैन
> सरपंच ग्राम पंचायत गुगवारा

## कृषि उपज मंडी में मंडी बोर्ड की स्वर्ण जयंती महोत्सव मनाया



**जैसीनगर, देशबन्धु।** मप्र मंडी बोर्ड स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं जिस के उपलक्ष में मंडी बोर्ड अपने स्थापना का स्वर्ण जयंती महोत्सव पूरे प्रदेश में बना रहा है, इसी क्रम में जैसीनगर कृषि उपज मंडी में 20 स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरज सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में जैसीनगर तहसील क्षेत्र के किसान व्यापारी और कृषि उपज मंडी के सचिव रामचरण सिंह सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा। कृषि उपज मंडी सचिव रामचरण सिंह ने कृषि मंडी बोर्ड की स्थापना के बारे में जानकारी दी साथ ही कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने क्षेत्र के किसान, व्यापारी और कृषि मंडी के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद मंडी प्रांगण में सभी ने मिलकर वृक्षारोपण भी किया।

## गीता ज्ञान हर धर्म के लिए है, इसमें मानव कल्याण की राह समाई हुई है: नीलम दीदी



**नरयावली, देशबन्धु।** श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि नरयावली सेवाकेंद्र द्वारा साहू समाज मंदिर परिसर में कथा आयोजित की जा रही है। प्रथम दिवस कथावाचक राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने आधुनिक महाभारत काल में कौरव और पांडवों का यथार्थ रहस्य बताते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा शिव राजयोग सिखला कर सत्य गीता ज्ञान, सत्य शिक्षा देकर नर से श्रीनारायण और नारी से श्रीलक्ष्मी बनने का मार्ग बता रहे हैं। गीता का ज्ञान हर धर्म के लिए है। हर मानव के कल्याण की राह श्रीमद्भगवद्गीता में समाई हुई है। गीता में काम और क्रोध को अग्नि के समान बताया है जो मानव को अंदर ही अंदर जलाते रहते हैं। इसका दुष्प्रभाव हमारे मन के साथ शरीर पर भी पड़ता है। अपने आप को गीता ज्ञान सुनने और उसे धारण करने के योग्य बनाना होगा। क्योंकि ये जो कथा हम सुन रहे हैं ये हमारी ही कथा है। हमारे जन्मो-जन्मों की कथा है। दुनिया में हर मां का सपना होता है कि उन्हें श्रीकृष्ण जैसा बच्चा हो। उनके जैसा चरित्र, कर्म, व्यवहार हो जो कुल का नाम रोशन कर माता पिता का मान बढ़ाये। इसके लिए जरूरी है कि माता पिता को पहले अपने जीवन को श्रेष्ठ, महान बनाना होगा। उन्हें बचपन से जीवन को महान बनाने की शिक्षा देना होगी। अपने बच्चों को बचपन से बड़ों का आदर, सम्मान करना सिखाये। इस अवसर पर सागर क्षेत्र की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी छाया दीदी, बीके आरती बहन, बीके निधि दीदी, बीके नेहा बहन, बीके सुशीला बहन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भाग्य के भरोसे बैठने से काम नहीं चलता: मुनिश्री

**खुरई, देशबन्धु।** प्राचीन जैन मंदिर में मुनिश्री समयसागर ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों ने पिछले दिनों अपने जीवन के उत्थान-पतन में कौन कारण हैं, कौन उत्तरदायी है, ये जिम्मेदारी किसकी है, इस बारे में विचार करना शुरू किया है और हम पिछले दिनों इस बात पर विचार करते हुए इस निर्णय पर पहुंच गये हैं कि इसकी जिम्मेदारी हमारी अपनी है। हमारा जीवन अगर सुखमय व्यतीत हो रहा है तो उसकी जिम्मेदारी हमारी है। हमारा जीवन यदि दुखमय और अभावग्रस्त है तो उसकी जिम्मेदारी भी हमारी है। हमारे अपने कर्म जो हम करते हैं, जिनका फल हमें भोगना होता है और फल भोगते समय जैसी हमारी फीलिंग्स और थोट्स होते हैं, जैसी हमारी विचारधारा होती है वैसे नये कर्म संचित होते हैं और ये एक विचार-क्रम निरंतर चलता रहता है और तब हमारे मन में यह विचार आता है कि इससे तो मुक्त हो ही नहीं सकते, क्योंकि पुराने कर्म अपना फल देंगे, उनके फल भोगते समय मेरी अपनी जैसी विचारधारा होगी, उससे नये कर्म बंधेंगे, वे फिर अपना फल देंगे और इस तरह तो हम कुछ भी नहीं कर सकते हैं और हमारा कोई वश नहीं है।

## सीएम राइज स्कूल बीना में मेघा योग संपन्न




**बीना, देशबन्धु।** आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक विकास पगारे द्वारा सीएम राइज हाल में मेधा योग तथा उत्कर्ष योग 31 जुलाई से 2 अगस्त तक विधार्थियों को कराया। इसके अंतर्गत ध्यान, योग और सांस लेने की तकनीकों के साथ किशोरों को उनके संदेह, संकोच, भय और चिंता पर काबू पाते हुए एक पूर्ण और आत्मविश्वासपूर्ण जीवन जीना सिखाया गया। किशोरों को अपनेपन की भावना की सबसे अधिक आवश्कता होती है जो इस कार्यक्रम द्वारा प्राप्त हुई है। नोडल शिक्षक डॉ. अभिषेक जैन द्वारा अध्यात्म और भारतीय विरासत से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि मेधा योग द्वारा क्रोध, आक्रामकता और अवसाद पर काबू पाया जा सकता है। एकाग्रता, साथियों का दवाब, प्रतिस्पर्धा, हार्मोंस, रिश्तों के मुद्दे और किशोरावस्था की सभी चुनौतियों से निपटने में कारगर होता है। तीनों दिवस विधार्थियों ने योग किया। प्राचार्य मंजू यादव, पीएस राय, ज्ञानी चौधरी, आराधना शर्मा, शांति ताम्रकार सहित सभी शिक्षकों ने भी योग और ध्यान किया।

### युवती के साथ छेडछाड़ करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** युवती के साथ छेडछाड़ करने वाले आरोपी रामबाबू आदिवासी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला सागर विनय सिंह राजपूत की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा 354 के तहत 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी सचिन गुप्ता ने की। घटना का इस प्रकार है कि 17 जून 2016 को पीड़िता ने थाना राहतगढ़ में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि पीड़िता 15 जून 2016 को अपनी बुआ के घर आई थी। पीड़िता 16 जून 2016 दिन गुरुवार को शाम 6 बजे अपनी बड़ी बहन के घर के सामने वाली गली पर खड़ी होकर फोन पर बातें कर रही थी तभी अभियुक्त रामबाबू वहां पर आ गया और बुरी नियत से पीड़िता के बांये हाथ की कलाई को पकड़कर पीड़िता को जमीन पर पटक दिया था पीड़िता ने चिल्लाया और अपने बचाव में उसे धक्का दिया। उक्त घटना पीड़िता की बड़ी बहन ने देखी थी और बीच-बचाव किया था। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## कृषि उपज मंडी में मंत्री गोपाल भार्गव सीसी सड़क बाउंड्री बाल निर्माण का भूमिपूजन किया



**गढ़ाकोटा।** कृषि उपज मंडी गढ़ाकोटा में मंडी के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि मंत्री गोपाल भार्गव ने मंडी पहुंचकर श्रीगणेश एवं कन्या पूजन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री भार्गव ने कहा कि क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के 11 शिक्षित युवाओं के लिए लोन पर मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत युवाओं को उचित मूल्य दुकान तक खाद्य सामग्री पहुंचाने के लिए वाहनो की चाबी सौंपी एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है। इन वाहनों में सब्सिडी भी सरकार लगभग 1.25 हजार रुपए देगी। अब ये वाहन प्रत्येक राशन दुकान तक खाद्य सामग्री भेजेंगे। प्रत्येक हितग्राही को प्रतिमाह खाद्य सामग्री का परिवहन करने हेतु सवा लाख रुपए प्रति माह सरकार देगी। जिले में खाद्य परिवहन हेतु 31 सेक्टर बनाए गए है जिसमे 888 शिक्षित युवाओं को रोजगार दिया गया है। आने वाले समय में क्षेत्र में शीघ्र ही किसान क्रेडिट कार्ड एवं किसानों की हितेषी योजनाओं के लिए कैंप लगाया जाएगा। इस दौरान गढ़ाकोटा मंडी द्वारा क्षेत्र के किसानों का सम्मान लोकनिर्माण मंत्री गोपाल भार्गव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडी सचिव राजेश भार्गव द्वारा श्री भार्गव का पुष्प माला, शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर सहायक उप निरीक्षक राजाराम दुबे, राजेश सिंह, लेखापाल बल्लू पटेल, चंद्रशेखर रैकवार, प्रसन्न जैन, महेंद्र मिश्रा, सीमित तिवारी, रामकुमार पटेल सहित जनप्रतिनिधि, व्यापारी मौजूद रहे। इस दौरान मंडी परिसर में 16.67 लाख रुपए से बनने वाली सीसी सड़क एवं 42.65 लाख रुपए से बनने वाले बाउंड्री बाल निर्माण का भूमिपूजन किया गया।

## राजेश परसाई बने कृषि उपज मंडी में मंत्री प्रतिनिधि



**रहली, देशबन्धु।** लोकनिर्माण मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा विधानसभा क्षेत्र की रहली जनपद, सागर जनपद, कृषि उपज मंडी रहली व नगर परिषद शाहपुर में अपने प्रतिनिधि के रूप में नियुक्तियां की। मंत्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रपाल लोधी को जनपद रहली, घनश्याम सिह ठाकुर ढाना को सागर जनपद, राजेश सिंह परासई को कृषि उपज मंडी रहली व केशव सोनी को नगर पंचायत शाहपुर में मंत्री प्रतिनिधि बनाया गया सभी नवनियुक्त प्रतिनिधियों को भाजपा नेता अभिषेक भार्गव द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

## सुनार नदी उफान पर, अटल सेतु से नजारा देखने पहुंचे मंत्री भार्गव



**रहली, देशबन्धु।** बीते दिवस से लगातार बारिश के बाद सुनार नदी उफान पर है और नगर में नव निर्मित अटल सेतु से इसका नजारा अदभुत होता है जिसे देखने मंत्री गोपाल भार्गव भी पहुंचे। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने उन्हें जानकारी दी के पिछले दिनों अटल सेतु के सेल्फी प्वाइंट पर आकाशीय बिजली गिरी थी कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था तो मंत्री भार्गव ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से सुधार करने वा सेल्फी प्वाइंट पर तड़ित चालक लगाने की बात कही। मंत्री भार्गव करीब 1 घंटे तक अटल सेतु पर रुके। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आम लोगो से चर्चा की।

### 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन कर लौटे तीर्थयात्री का हुआ स्वागत



**गौरझामर, देशबन्धु।** प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों में सर्वोच्च स्थान रखने वाले प्रमुख 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर लम्बी तीर्थ यात्रा को सफल और प्रेरणादाई स्वरूप देकर वापस लौटे तीर्थ यात्रियों का गौरझामर के श्री देव संकट मोचन हनुमान मंदिर पर गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके परिजनों रिश्ते नाते दारो स्नेही स्वजन पड़ोसियों आत्मीय जनों मित्रों आदि ने सफल तीर्थ यात्रा पर उन्हे शाल श्रीफल पुष्प हार रोरी लगाकर अगवानी करते हुए स्वागत सत्कार किया और धूमधाम के साथ घोड़ा बग्गी पर बैठा कर नगर भ्रमण कराते हुए ले जाया गया। परिक्रमा करके लौटी फूलबाग गौरझामर में रहने वाली रूपरानी पटेल के घर वापसी व नगर आगमन होने पर मेहरबान पटेल, मनोज पटेल एवं समस्त परिवार ने मिलकर स्वागत किया डीजे बैंड बाजे एवं रथ बग्गी पर बैठाकर उनको घर लाया गया।

### पं. सुरेश प्यासी का निधन पंचतत्व में विलीन



**सागर, देशबन्धु।** जाने माने कृषक और भू अधिकार के जानकार सामाजिक कार्यकर्ता शनिचरी चौगुना निवासी 71 वर्षीय पंडित सुरेश प्यासी का गत रात्रि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। वह पत्रकार पंडित संतोष प्यासी मुंबई के बड़े भाई थे। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र पिंटू ने दी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए शहर के गणमान्य लोगों ने अंतिम संस्कार में भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## जिला एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय से निर्वाचन संबंधी दायित्व का निर्वाहन करें: श्री आर्य

**सागर, देशबन्धु।** जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी आपसी समन्वय बनाते हुए आगामी विधानसभा निर्वाचन संपन्न कराएं। उक्त विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों की संयुक्त बैठक में व्यक्त किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह, राजेश सिंह, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, समस्त एसडीओपी, समस्त तहसीलदार, समस्त थाना के थाना प्रभारी सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी मास्टर ट्रेनर वायपी सिंह मौजूद थे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर्य ने कहा जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त टीम बनाकर सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें एवं ग्रामीण एवं शहरी सहित स्थानीय जानकारी इकट्ठा कर कार्यवाही प्रारंभ करें।

आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही गाड़ियों में सायरन को हटाने की कार्रवाई करें साथ में सार्वजनिक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों की फोटो नामों को अलग कराने की कार्रवाई प्रारंभ की जावे। निर्वाचन आदर्श आचरण संहिता के समय रैली सभाओं में निर्वाचन आयोग का निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करें। सभी अपने-अपने मतदान केंद्रों एवं संबंधित ग्राम में जाकर ग्रामवासियों से चर्चा करें और वहां की समस्त परिस्थितियों से अवगत हो। जिससे कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जा सके। सभी पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी सभी मतदान केंद्रों का आदर्श आचार संहिता लागू होने के पूर्व 3 से 5 बार भ्रमण करें एवं आवश्यक जानकारी एकत्र कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का प्रतिशत पालन करते हुए आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को संपन्न करने की कार्रवाई करें। निर्देश दिए की सभी पुलिस अधिकारी एवं निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी सोशल मीडिया पर लगातार अपनी नागरानी बनाए रखें एवं संवेदनशील ऑडियो वीडियो जारी करने वाले व्यक्ति की जानकारी एकत्र करें, सभी पुलिस अधिकारी अपने अपने मतदान केंद्रों का भ्रमण करते समय प्रमुख रूप से आदतन अपराधी एवं अन्य प्रकार के व्यक्तियों जिनसे की कानून व्यवस्था बिगड़ने की संभावना रहती है उनकी सूची तैयार करें।

## सभी मोर्चा अपनी अपनी जबाबदारी निभाये, नवमतदाताओं को अधिक से अधिक पार्टी से जोड़े: प्रहलाद पटेल



**बण्डा, देशबन्धु।** देश में मंदिर निर्माण एवं देश निर्माण का कार्य मोदी जी ने किया है और करते रहेगे, मोदी-मोदी आज राष्ट्र ही नही संपूर्ण विश्व चिल्ला रहा है। भारत की बादशाहद विश्व में मोदी जी ने कायम की है पहले मंदिर तोडे जाते रहे हमारी भावनाएं आहत होती रही, लेकिन कोई बोलने या सुनने वाला सामने नही आया, लेकिन मोदी के नेतृत्व में मंदिर भी बना धारा 370 भी हटी नदी से नदी जोडने का कार्य भी चल रहा है, खस्ताहाल सडकों से मुक्ति दिलाकर बेहतर चमचमाती सडके सिंचाई परियोजनाएं देने से लहलहाती फसलें भाजपा सरकार की देन है। उपरोक्त उपलब्धि एवं विकास योजना का बखान करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने ये बाते स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में बण्डा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में व्यक्त किए। कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होती है युवा मोर्चा के महामंत्री शुभम यादव द्वारा कार्यक्रम में दी जा रही सेवाओं से प्रभावित होते हुए मंत्री श्री पटेल ने मंच से ही तारीफ करते हुए कहा इसी मोर्चा संभालने का काम मोर्चा को ही करना चाहिए। गांव के कार्यकर्ता के पास जाओ, अभी भी छोटा कार्यकर्ता इतना सक्षम नहीं है कि 5 लोगों को भोजन करा सके, संकल्प लेकर जाइए दुनिया का कोई भी ताकत भाजपा का विधायक बनाने से कोई रोक नहीं सकता। जनता के बीच जाने से एक दूसरे के सुख दुख साझा होते है। जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा कि हमे बण्डा विधानसभा में हारने का अंकलन करना चाहिए एवं इस कंलक को मिटाते हुए आने वाले समय में भाजपा का विधायक बनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष विवेक मिश्रा एवं आभार संयोजक मंगल सिंह दादा ने माना। कार्यक्रम में हरवंश राठौर, जाहरसिंह बमूरा, रुपेश रोशन खरे, लोकेंद्र सिंह, मनीष यादव, अभय जैन, रंजोर सिंह बुंदेला, वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार, तृप्ति बाबू सिंह, यश अग्रवाल, वैभवराज सिंह कुकरेले, कपिल यादव अनेक जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर आयुक्त, आईजी ने किया हेलीपैड एवं रोड शो मार्ग का निरीक्षण

**नौगांव, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कल शनिवार शाम टीकमगढ़ जिले के जतारा से विकास पर्व के तहत जनदर्शन यात्रा लेकर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं, इसी तारतम्य में गुरुवार को सागर कमिश्नर डॉक्टर वीरेंद्र सिंह रावत, आईजी प्रमोद वर्मा ने हेलीपेड का निरीक्षण कर रोड शो मार्ग का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने एवं उन्हें बताने के उद्देश्य से विकास यात्रा निकाल रहे हैं। जिसके तहत नौगांव शहर में विकास पर्व के तहत जनदर्शन यात्रा के तहत सीएम के रोड शो एवं सभा को लेकर कार्यक्रम प्रशानिक तैयारियों के साथ साथ भाजपा भी कार्यक्रम की तैयारी में जुटी है। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर कमिश्नर डॉ वीरेंद्र सिंह रावत एवं आईजी प्रमोद वर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हेलीपेड एवं रोड शो मार्ग का कलेक्टर संदीप जीआर, एसपी अमित सांघी सहित अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के विशाल रोड शो के मद्देनजर प्रशासनिक व्यवस्थाओं की दुरुस्ती के लिए लगातार प्रशासन तेजी से कार्य कर रहा है। कमिश्नर डॉ वीरेंद्र सिंह रावत एवं आईजी प्रमोद वर्मा ने व्यवस्था में लगे अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए विशाल रोड शो के रूट पर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। तो वहीं सागर कमिश्नर एवं आईजी ने प्रमुख रूप से हेलीपैड एवं सभा स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों दिए जरूरी निर्देश? दिए। इस दौरान कलेक्टर संदीप जीआर, एसपी अमित सांघी, विशेष प्रभार एसडीएम विनय द्विवेदी, प्रभारी एसडीएम बलवीर रमण, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, जनपद पंचायत सीईओ भागीरथ प्रसाद तिवारी, तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, थाना प्रभारी दीपक यादव, पीडब्ल्यूडी एसडीओ आरएस पायक, नगर पालिका सीएमओ निरंकार पाठक, सीएमओ नीतू सिंह, बीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल, उपयंत्री रामदत्त मिश्रा सहित पुलिस एवं प्रशासन प्रमुख रूप से रहा मौजूद।



### सफाई व्यवस्था के साथ नगर पालिका जुटा व्यवस्था दुरुस्त करने

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर नगर पालिका की टीम शहर में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा है। नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा रोड शो मार्ग की साफ सफाई करके मार्ग को व्यवस्थित किया जा रहा है तो वहीं विद्युत पोलो में स्ट्रीट लाइट दुरुस्त की जा रही है। इसके अलावा विद्युत विभाग के द्वारा रोड शो मार्ग पर पड़ने वाली विद्युत केबल को ऊंचा एवं दुरुस्त करने के साथ ट्रांसफार्मर के चारों ओर जाली लगाकर सुरक्षित किया जा रहा है।

### रोड शो के बाद बस स्टैंड में होगी सभा

सीएम के रोड शो कार्यक्रम के बाद बस स्टैंड में सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा स्थल पर विशालकाय वाटरप्रूफ टेंट लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। सभा स्थल बस स्टैंड पर होने के कारण यात्री बसों का बस स्टेंड आवागमन पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगाने के कारण सड़क पर से ही आवागमन हो रहा है।

### भाजपा के बैनर पोस्टर से पटा शहर

सीएम के कार्यक्रम में विधानसभा चुनाव के दावेदारों ने बैनर, पोस्टर, कटआउट से शहर को पाट दिया है। हेलीपेड मार्ग से बस स्टैंड सभा स्थल तक एवं रोड शो मार्ग के दोनों ओर बल्लियों के सहारे भाजपा विधानसभा के दावेदारों के बैनर पोस्टर कट आउट लगाए गए हैं।

## सार समाचार

### नवागत सीएमओ ने पदभार ग्रहण कर नगरपालिका का किया भ्रमण



**छतरपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद छतरपुर की नवागत सीएमओ माधुरी शर्मा ने गुरुवार की दोपहर पदभार ग्रहण करते हुए नगर पालिका कार्यालय स्थित विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। पदभार ग्रहरण के दौरान नपा अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद सीएमओ मैडम ने विभिन्न विभागों में पहुंचकर वहां होने वाले कार्य और उनके प्रभारियों के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हे उचित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक, उपयंत्री नीतेश चौरसिया, उपयंत्री सृजन गुप्ता, स्टोर प्रभारी पंकज जैन, मीडिया प्रभारी देव पचौरी के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिला को दिया रक्त

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में प्रसव के लिए लाई गई गर्भवती महिला गोमती आदिवासी के शरीर में रक्त की कमी के चलते उसका प्रसव नहीं हो पा रहा था। चिकित्सकों ने परिजनों को तत्काल ओ पॉजीटिव रक्त की व्यवस्था करने को कहा, जिसके लिए परिजन परेशान हो रहे थे। जैसे ही यह जानकारी युवा उत्कर्ष सिंह चौहान को लगी वैसे ही उत्कर्ष ने बिना देर किए जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करते हुए महिला की मदद की। महिला के परिजनों ने युवा उत्कर्ष सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। वहीं उत्कर्ष ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

### प्रदेश की बेसवाल टीम में 3 छात्रों ने बनाया स्थान

**छतरपुर, देशबन्धु।** 4 से 6 अगस्त तक भोपाल के एलएनसीटी विश्वविद्यालय में बेसबॉल सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में मध्यप्रदेश बेसबॉल सॉफ्टबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे फेडरेशन कप के लिए चयनित की गई मध्यप्रदेश की टीम में छतरपुर के तीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। बेसबॉल एसोसिएशन के सचिव एवं कोच मान सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों की टीमें सहभागिता कर रही हैं। इस टूर्नामेंट से भारतीय टीम का चयन किया जाएगा जो कि आने वाले दिनों में मैक्सिको में खेलेगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश की टीम में छतरपुर के जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमें प्रवीण छारी, साहिल सिसौदिया और नीतेश नागर शामिल हैं। तीनों खिलाड़ियों को बेसबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश शुक्ला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीकांत द्विवेदी, खेल प्रशिक्षक बृजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, प्रशांत त्रिवेदी, रामकृष्ण जाटव, भारत भूषण सिंह, जीतेन्द्र सिंह सहित बेसबॉल के सीनियर खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### 2 पक्षों में हुई मारपीट, आधा दर्जन घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मनिया में बीती रोज दो पक्षों में विवाद होने का मामला सामने आया है। मारपीट में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन से लोग घायल हुए हैं। राजनगर थाने में शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

मारपीट में घायल हुए एक पक्ष के मंगलदीन पटेल उम्र 28 वर्ष पुत्र शंकर पटेल ने बताया कि पिछले दिनों गांव के दबंगों ने उसकी बाईक, मोबाइल और पैसे छीन लिए थे, जिसकी शिकायत उसके द्वारा राजनगर थाना सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई थी। इसी शिकायत को वापिस लेने का दबाव बनाने के लिए बीते रोज शाम करीब 4 बजे गांव के पप्पू, शैलेंद्र, नीरज, नरेंद्र, सचिन, पुष्पेंद्र, जगदीश, रॉबिन आदि ने उसके घर में घुसकर मारपीट की है। वहीं दूसरे पक्ष के सचिन पुत्र रतन पटेल उम्र 24 वर्ष का कहना है कि बीती शाम जब वह अपने खेत से घर लौट रहा था उसी दौरान पैसों के लेनदेन के चलते गांव के नवीन पटेल, देवेन्द्र पटेल, हरिचरण पटेल, विजय प्रताप पटेल, विक्रम, भैयालाल, मिहींलाल, शंकर और ठाकुरदास सहित अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सचिन के मुताबिक आरोपियों ने उसके साथ-साथ परिवार के जगदीश पटेल उम्र 45 वर्ष, बृजेश पटेल उम्र 20 वर्ष, नरेन्द्र पटेल उम्र 35 वर्ष को भी पीटा है तथा कुछ वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने राजनगर थाने में शिकायत की जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज विवेचना शुरू कर दी है।

## बिजावर हत्याकांड के 5 आरोपित पकड़े, पीड़ित परिवार ने की सुरक्षा की मांग

**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले दिनों बिजावर में हुई एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन आरोपियों के दो अन्य साथियों के द्वारा पीड़ित परिवार को लगातार धमकी दी जा रही है। पीड़ित परिवार ने गुरूवार को जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को आवेदन देकर धमकी देने वालों पर कार्यवाही करने और परिवार को सुरक्षा दिलाने की मांग की है।



आवेदन देने आए पीड़ित परिवार की ओर से फरीद खान निवासी बिजावर ने बताया कि विगत 31 जुलाई को उसके छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों को आरोपी बनाया है, जबकि कुल 7 लोगों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था। फरीद खान के मुताबिक मामले का मास्टरमाइंड फरीद बेग तथा हथियारों का कारोबार संभालने वाले सोना बेग पर कोई कार्यवाही नहीं की गई और दोनों के द्वारा लगातार पीड़ित परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। ऐसे में पीड़ित परिवार भयभीत है। एसपी और कलेक्टर को आवेदन देकर फरीद खान ने परिवार को सुरक्षा दिलाने तथा दोनों आरोपियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसपी और कलेक्टर ने कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

### उन्नत बीज की अधिकारियों ने की कालाबाजारी

## किसानो ने पकड़ी बीज से भरी बोरियां



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** शासन द्वारा किसानों को उन्नत बीज प्रदाय करने के लिए जो योजना चलाई जा रही है उसके क्रियान्वयन में विभाग के अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि किसानों को दिए जाने वाले उन्नत बीज की अधिकारियों द्वारा कालाबाजारी की जा रही है और इसी के चलते किसानों को बीज नहीं मिल पा रहा हे। किसानों ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी कृषि विभाग द्वारा उन्हें बीज उपलब्ध नहीं कराया गया है, उन्हें बाजार से अधिक मूल्य पर बीज की खरीदी करनी पड़ रही है।

### किसानों ने पकड़ा बीज की बोरियों से लोड वाहन

बीते रोज कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा एक ऑटो में बीज की बोरियों को लोडकर किसी स्थान पर भेजे जाने की जानकारी मिलने के बाद किसानों ने ऑटो को बस स्टैंड पर रोक लिया और तहसील कार्यालय सहित पुलिस को सूचना दे दी, जिसके बाद ऑटो में लोड बीज की 9 बोरियों को जप्त कर लिया गया। गुरूवार को जब तहसीलदार अनिल तलैया कृषि विभाग पहुंचे तो यहां पर अधिकारियों ने उन्हें जो दस्तावेज दिखाए उसमें बीज को जिला मुख्यालय वापिस भेजने का उल्लेख पाया गया।

हालांकि यह सवाल अब भी खड़ा हो रहा है कि परिवहन के दौरान वाहन चालक के पास यह दस्तावेज क्यों नहीं थे। सूत्रों की मानें तो यह दस्तावेज जप्ती के बाद अधिकारियों द्वारा आनन-फानन में तैयार किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी बीज की कालाबाजारी किए जाने की जानकारी सामने आ चुके हैं लेकिन दोषियों पर कार्यवाही न होने के काण उनके हौसले बुलंद हैं।

### इनका कहना है

किसानों के द्वारा बीज का परिवहन किए जाने की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान जो दस्तावेज मिले हैं उसके अनुसार यह बीज जिला मुख्यालय पर भेजा जा रहा था। संबंधित अधिकारियों को आगे से बिना दस्तावेजों के परिवहन न करने की चेतावनी दी गई है।

**अनिल तलैया,** तहसीलदार, बकस्वाहा

### कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय छतरपुर इकाई द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ में अतिथियों, शिक्षक एवं प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिथियों द्वारा संवाद कार्यक्रम में आमजन को योजनाओं की जानकारियों के साथ लाभ किस तरह लिया जावेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। हम कौन सी योजनाओं का किस तरह से लाभ लेंगे। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों से यह भी अपेक्षा की की प्रत्येक बच्चा कम से कम दस लोगों तक योजनाओं का लाभ लेने के विषय में बतलाएंगे। प्रदर्शनी के समापन अवसर पर कार्तिकेय जायसवाल आईएएस सहायक कलेक्टर द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी को खूब सराहा गया और कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी के आयोजन से आम जनता छोटी से छोटी जानकारी पहुंच जाएगी। इसी अवसर पर संवाद कार्यक्रम विजेताओं का पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह यादव, अनिल दीक्षित शिक्षा विभाग, सीपू यादव, उप प्राचार्य निकिता सिंह, दिनेश प्रजापति, नीतू यादव, प्रवीण राजपूत क्षेत्रवासी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा के विधान सभा प्रभारी बने गिरजा पाटकर

**छतरपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवम प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एवं पि. व. मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवम महामंत्री रणवीर सिंह रावत की सहमति से एवम पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव की अनुसंशा पर गिरजा पाटकर को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का विधानसभा 51 छतरपुर का प्रभारी बनाया गया।मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव बहुत ही नजदीक है इस दृष्टि से मध्य प्रदेश की समस्त विधानसभा के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं उसी क्रम में भा ज पा पिछड़ा वर्ग मोर्चा से भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कर्मठ कार्यकर्ता गिरजा पाटकर को आगामी विधानसभा चुनाव का छतरपुर विधानसभा 51 का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जानकारी के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पिछले वर्ष हुए नगरीय निकाय चुनाव में 40 वार्डो के बूथों का गिरजा पाटकर को प्रभारी बनाया गया था उनके द्वारा जिम्मेदारी बहुत ही लगन से निभाई गई थी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मलखान सिंह पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव, जिला उपाध्यक्ष दिलीप अहिरवार कार्यालय मंत्री अरविन्द त्रिपाठी मिडिया प्रभारी अरविन्द बुंदेला युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी कमलेश राय दिनेश यदुवंशी सहित उनके समर्थको ने उन्हें बधाई दी है।



## प्रवेशित छात्रों की जिज्ञासाओं का किया समाधान



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में गुरूवार को बीकॉम प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का उन्मुखीकरण (इंडक्शन प्रोग्राम) विभागाध्यक्ष डॉ. डीपी शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य के प्राध्यापकों द्वारा छात्रों को पाठ्यक्रम, मेजर और माइनर विषयों, ओपेन इलेक्टिव तथा वोकेशनल विषयों, प्रोजेक्ट, सीसीई आदि की जानकारी विस्तार से दी गई।

उन्मुखीकरण कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राध्यापकों ने अपना परिचय देते हुए उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषयों की सटीक जानकारी दी और छात्र छात्राओं से भी उनके विषयों तथा रुचि की जानकारी के साथ परिचय प्राप्त किया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य के प्राध्यापकों डॉ. एसपी जैन, डॉ. अशोक निगम, डॉ. नीतेश मिश्रा तथा रिसर्च स्कॉलर (नेट, जेआरएफ) श्री मोहित ने छात्रों को यूनिवर्सिटी की यूनिफार्म, अनुशासन, टाइम टेबल, त्रुटिपूर्ण विषयों को बदलने तथा नियमित रूप से पढ़ाई के लिए आने आदि बातें भलीभांति समझाई एवं उनकी जिज्ञासाओं का सटीक समाधान किया।इस अवसर पर वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ. ओपी अरजरिया उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. डीपी शुक्ला ने बीकॉम प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्रों को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन पढने् के लिए वाणिज्य विभाग में आएं, ताकि उन्हें विषय संबंधी जानकारी और कोई त्रुटि होने पर सुधारने के बारे में मार्गदर्शन दिया जा सके, साथ ही जो छात्र अभी तक क्लास के व्हाट्सएप ग्रुप में नही जुड़े हैं, उन्हे जोड़ा जा सके।

### त्याधुनिक स्टेशन बनाए जाने की पहल

## 260 करोड़ की लागत से होगा खजुराहो रेलवे स्टेशन का कायाकल्प



**खजुराहो, देशबन्धु।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के रेलवे स्टेशन को विकसित और आधुनिक बनाने के लिए केन्द्र सरकार के रेल मंत्रालय ने इस स्टेशन को मप्र के अन्य स्टेशनों के मुकाबले सर्वाधिक बजट मंजूर किया है। खजुराहो स्टेशन का विकास लगभग 260 करोड़ की लागत से होगा। इस बजट से खजुराहो स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत अत्याधुनिक बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों देश के 506 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना के अंतर्गत चयनित किया गया था जिसमें खजुराहो भी शामिल था।

स्थानीय लोगों ने खजुराहो के विकास के लिए क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा द्वारा पिछले दिनों किए गए प्रयासों को श्रेय देते हुए इस बजट का स्वागत किया है। इस बजट के माध्यम से खजुराहो को अत्याधुनिक स्टेशन बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी खजुराहो का दौरा कर इस स्टेशन के विकास का ऐलान किया था।

6 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक लाइव कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे 506 स्टेशनों पर मौजूद लोगों से बात करेंगे। खजुराहो में भी वीडी शर्मा की उपस्थिति में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारियां की जा रही हैं।

### डीआरएम ने किया खजुराहो रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



गुरूवार को रेलवे झांसी के डीआरएम दीपक कुमार सिन्हा ने खजुराहो रेलवे स्टेशन पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बड़े ही बारीकी से विभिन्न पहलुओं को देखते हुए जहां भी उन्हें कमी नजर आई उसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने खजुराहो रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 में पहुंचकर प्लेटफार्म की सुविधाओं सहित और भी अन्य चीजों की बारीकी से जांच की। खजुराहो रेलवे स्टेशन पहुंचकर डीआरएम झांसी के द्वारा वेटिंग रूम, सीसीटीवी कैमरा, रेलवे जनरल टिकट एवं रिजर्वेशन काउंटर, प्लेटफॉर्म की व्यवस्था तथा प्लेटफार्म नंबर 1 में स्थित कैंटीन का निरीक्षण कर उपस्थित यात्रियों से बात कर निर्धारित दर से अधिक पैसा वसूलने के चलते कार्यवाही हेतु भी निर्देशित किया।


## कार्यालय नगर परिषद राजनगर
## जिला छतरपुर ( म.प्र. )

क्रं./लो.नि.वि./न.परि.रा./2023/1723 राजनगर, दिनांक 02.08.2023

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट www//mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेन्डर नं./ जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत (रू. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD (रू. में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2023-UAD_296122_1 03.08.2023 | फौजदार मोहल्ला में बी.टी. कार्य। | (1) 2 माह (2) रू. 7,96,306/- | (1) रू. 2000/- (2) रू. 8000/- | 19.08.2023 |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद राजनगर**

देशबन्धु
सागर, शुक्रवार 4 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा

मेवात दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि 'सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती।' प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दर्शाता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को साफ कहा कि 'इसके लिए हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस कर सकती है, न ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा।' वे तो यहां तक कह गये कि 'किसी भी देश में आप चले जाएं हर आदमी की सुरक्षा वहां की पुलिस नहीं कर सकती पर इसके लिए वैसा माहौल बनाना पड़ता है।' वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है।

मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवत: भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। देश के अपूर्ण लक्ष्यों के लिये अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा-सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। इसी का अनुसरण भाजपा की राज्य सरकारें करती हैं। नोटबन्दी और जीएसटी जैसे अविवेकपूर्ण निर्णयों से हुई देश की बदहाली का उत्तरदायी कोई नहीं है। यहां तक कि यह निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया, यह भी अब तक अज्ञात है। कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाओं, बिस्तरों के अभाव में हुई लाखों लोगों की मौत का उत्तरदायी कौन है, यह सवाल भी अब तक अनुत्तरित है। भाजपा की जिन राज्यों में सरकारें हैं वहां टूटती सड़कें और गिरते पुलों का जिम्मेदार कौन है, इसका जवाब ढूंढे से भी नहीं मिलेगा। उन राज्यों में होने वाली भगदड़ों से मरने वालों का जिम्मेदार भी कोई नहीं होता। भरी गर्मी में होने वाली आम सभाओं में दर्जनों लू से मर जाएं या बीमार हो जायें तो भी किसी व्यक्ति, अफसर, विधायक मंत्री या सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यदि ऐसा किया भी गया तो बचाव में पूरी ट्रोल आर्मी उतर आती है। एक नहीं, सैकड़ों ऐसे मामले हो चुके हैं जिनमें दोषी या अपराधी सामने दिखता है परन्तु वह महफ़ूज़ रहता है। इसका कारण यही है- उत्तरदायित्वहीनता।

हाल की कुछ घटनाएं भी इसी गैर जिम्मेदाराना रवैये की मिसालें हैं। मणिपुर की बात करें तो यहां पिछले कुछ वर्षों से आग सुलग रही थी। कुकी एवं मैतेइयों के बीच चल रही हिंसक झड़पों को पूरी तरह से वहां की सरकार और केन्द्र ने नज़रंदाज़ ही नहीं किया वरन एक पक्ष के साथ खड़े होकर आग को भड़कने दिया। वहां अल्पसंख्यक कुकी लोगों को मारा गया, चर्च जलाये गये परन्तु डबल इंजन की सरकार चुप रही। मामला पहले तो विदेश तक पहुंचा और जब अमेरिका में बड़ी मजबूरी में प्रेस के सामने गये मोदी से इस बाबत प्रश्न किये गये तो उन्होंने यह बताने की बजाय कि उनकी सरकार स्थिति को सुधारने के लिये क्या कर रही है, यह समझाते रहे कि 'लोकतंत्र भारत के डीएनए में है।' उन्हें तो यह बतलाना चाहिये था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व विकास के लिये क्या कर रहा है। देश के इतिहास के भीषणतम दंगों में से एक कहे जाने वाले घटनाक्रम के दौरान का 4 मई का वह वीभत्स वीडियो जब देश-दुनिया के सामने आया तो भी राज्य या सरकार का कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने वैसे ही दिखावे का प्रकटीकरण करते हुए सार्वजनिक तौर पर अपना इस्तीफा दिया व प्रायोजित तरीके से एक समर्थक द्वारा फड़वाकर जेब में रख लिया, जैसे मोदी जी ने चलते सत्र में संसद के भीतर बयान देने की बजाय बाहर आकर 36 सेकेंड का वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने अपने क्रोध व पीड़ा का इज़हार किया था। उसके बाद से आज तक संसद बार-बार विपक्ष की इस मांग को लेकर ठप्प है कि पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत चर्चा हो, लेकिन सत्ता दल इंकार कर रहा है और प्रधानमंत्री राजस्थान में सभाएं कर रहे हैं। तो गृह मंत्री अमित शाह भी बराबरी के जिम्मेदार हैं वे कानून-व्यवस्था सुधारने की बजाय मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में अगले चुनाव की तैयारी बैठकें कर रहे हैं। उलटे, संसद में गतिरोध के लिये भी वे मानते हैं कि विपक्ष ही जिम्मेदार है।

अलबत्ता, जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां एक चींटी भी मरे तो पूरी भाजपा, उनके समर्थक, मीडिया को क्षण भर में पता चल जाता है। तभी तो मणिपुर की घटनाओं की तुलना जब अन्य राज्यों से की गई तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केन्द्र को जमकर फटकार लगाई। वैसे केन्द्र की हो या भाजपा की राज्य सरकारें- उन्हें इन सबका रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। इसलिये आश्चर्य नहीं होना चाहिये जब खट्टर जैसे सीएम साफ कर देते हैं कि सभी लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। यह दीगर बात है कि ये उन्हीं मोदी के सबसे विश्वासपात्र लोगों में से एक हैं जो पीएम बनने के पहले कहते थे कि 'मैं हर बात के लिये एकाउंटेबल रहूंगा। एक बच्चा भी मुझसे सवाल कर सकता है और मैं जवाब दूंगा'

# हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं

कबीले के सरदार ने अपने एक लड़ाके को दुश्मन कबीले के भीतर दाख़िल होकर एक आदमी को जान से मारने के लिए भेजा। उसे बताया गया था कि उस आदमी के पास हमारे कबीले को तबाह करने की ताकत है और जो उसे मार दिया तो हम हर खतरे से मुक्त हो जाएंगे। उसे बताया गया कि उस कबीले में हमारा एक आदमी पहले से ख़ुफ़िया ढंग से मौजूद है जो वहां पहुंचते ही कैसे और किसे मारना है, इसकी योजना समझा देगा। अपने कबीले को बचाने का जोशीला भाषण सुन लड़ाका तुरंत तैयार हो गया और चल पड़ा अपना भाला और तीर-धनुष लेकर। रास्ते में घना जंगल था। अंधेरा होने पर वह सतर्क था लेकिन एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। होश आया तो वह एक मचान पर दो लोगों से घिरा हुआ था। उनमें से एक युवा था और दूसरा कुछ उम्रदराज़। पास में कुछ खाना और पानी रखा हुआ था। लड़ाके को होश में आया देख दोनों के चेहरे पर ख़ुशी और तसल्ली का भाव था। उम्र में बड़े व्यक्ति ने फख़्र से अपनी जड़ी-बूटी की ओर इशारा करते हुए बताया कि तुम पर तो एक बाघ ने हमला कर दिया था, वो तो सही समय पर तुम्हें इसने देख लिया वरना तुम्हारा बचना नामुमकिन था। लड़ाके की आंखों में विनम्रता और धन्यवाद का भाव था। दोनों ने मिलकर लड़ाके के साथ भोजन किया और शिकार से जुड़े अपने कई अनुभव भी साझा किये। अगले दिन सुबह लड़ाका विदा हुआ तो उसे लगा जैसे किसी मित्र से जुदा हो रहा है। अनुभवी व्यक्ति से उसने हाथ जोड़कर विदा ली, मानों जान बचाने का आभार व्यक्त कर रहा हो। जिस उद्वेलित मन से वह घर से चला था अब वह कमोबेश शांत और खुश था। दो दिन के सफर के बाद वह उस कबीले के अड्डे पर पहुंचा। पहुंचते ही उसके ख़ुफ़िया साथी ने जिस आदमी को उसे मारना था उसका चेहरा दिखाया। वह हैरान रह गया क्योंकि वह जंगल में उसकी जान बचाने वाला वही उम्रदराज़ व्यक्ति था। लड़ाके के हाथ जैसे भारी हो गए थे। भाला उठता ही न था और अचानक से उसने फ़ैसला लिया। चाहे कुछ भी हो जाए वह उन पर हाथ नहीं उठाएगा। आख़िर क्यों मारना चाहिए मुझे इन्हें? ये भी मेरे जैसे हैं, मेरी ही तरह जीवन की चुनौतियों को जी रहे हैं। मैं इन्हें नहीं मार सकता।

इस छोटी सी कहानी को यहां लिखने का मकसद केवल इतना है कि मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है और उनके जरिये अनजान लोगों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सड़कों पर लोगों के वाहन फूंके जा रहे हैं। उनकी अलग पहचान स्थापित की जा रही है ताकि दूरियां बन सके। समूचा प्रचारतंत्र इस काम में झोंक दिया गया है। उसके बाद एक संविधान से चलने वाले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में घृणित अपराधों को अंजाम देने वालों को कवच भी दिया जाता है। हमने सुना था कि पहले दंगा भड़काने के लिए मंदिरों के सामने गाय और मस्जिद के सामने सूअर काटकर फेंक दिए जाते थे। बलवा करवाने वालों का काम हो जाता था।


वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है।

हाल ही में अनुभव सिन्हा ने 'अफ़वाह' नाम की बढ़िया फिल्म बनाई है। भीड़ जिस ट्रक को गौमाता का समझकर पीछा करती है उसमें से गधे बाहर आते हैं। इस नए ज़माने में अब खुद को गौरक्षक बताने वाला वीडियो भेजकर चुनौती देता है, उकसाता है और फिर ब्रज अंचल से लगे हरियाणा के नूंह में भड़की हिंसा कई लोगों की जान ले लेती है। व्यवस्था इन दंगों को किसी साज़िश का नतीजा बताकर मुंह पर चादर लपेट कर सो जाती है। ये दंगाई कई सालों से कभी लोगों के फ्रिज में गौमांस ढूंढते हैं तो कभी जानवरों से भरी गाड़ियों को कसाईखाने ले जाई जा रही बताकर भीड़ द्वारा हमला करा देते हैं। चालक को मार देते हैं और जहरीली गैस से भरे गुब्बारे इकट्ठा कर फ़साद करा दिए जाते हैं। ये गुब्बारे 2017 से ट्रेन में भी चढ़ रहे हैं। तब 17 साल के एक बच्चे को ट्रेन में सीट साझा करने के विवाद में मार दिया गया था। अब ये गुब्बारे वर्दी में भी होते हैं। ये यात्रियों की रक्षा के लिए दी गई बन्दूक का इस्तेमाल उन्हें ही मौत के घाट उतारने में कर रहे हैं। देशवासियों में ऐसा डर बैठ गया है कि वे अब यात्रा से डरने लगे हैं। बेरोज़गारी और बेहिसाब मंहगाई से जूझते इंसान बड़ी आसानी से ऐसे गुब्बारों में तब्दील हो रहे हैं। भारत के एक फीसदी अमीरों के पास देश की चालीस फ़ीसदी समृद्धि पर कब्ज़ा हो और पचास प्रतिशत के पास केवल तीन फ़ीसदी संसाधन हो तो इस अभाव में ज़हर भरना कौन सा मुश्किल काम है?


तब क्या कोई उम्मीद नहीं है? मणिपुर, नूंह और ट्रेन में हत्याएं होती रहेंगी और महावीर, बुद्ध और गांधी का यह देश इसी तरह खून से सना रहेगा? कभी अंग्रेज़ों के आगे अपने बलिदान का लहू बहाने वाले देश में अब बेवजह बेगुनाहों का खून बहता रहेगा? क्या हुक्मरान इस खून को अपने वोटों की फसल के लिए खाद की तरह देख रहे हैं? अगर नहीं तो खुलेआम नरसंहार की बात करने वाले क्यों अब तक आज़ाद घूम रहे हैं? क्यों धार्मिक जुलूसों को वही रास्ता चुनना है जहां दंगा भड़क सकता है और क्यों पुलिस उन्हें यह अनुमति भी देती है? उम्मीद की किरण उत्तर प्रदेश के बरेली से आती दिखाई देती है जहां के पुलिस कमिश्नर प्रभाकर चौधरी ने कावंड़ियों की उस ज़िद को नहीं माना जिसमें वे अपना निर्धारित रास्ता बदलना चाहते थे। नतीजतन चंद घंटों में प्रभाकर का तबादला कर दिया गया। 2010 बैच के इन आईपीएस अधिकारी के अब तक 21 बार तबादले हो चुके हैं। अधिकारी जिसकी वजह से बवाल होने से बच गया उसे सम्मान की जगह ट्रांसफर मिलता है। अधिकारी के पिता का साफ़ कहना है कि उनका बेटा बेहद ईमानदार ऑफिसर है और नेताओं से ज़रूरी दूरी बनाए रखता है। इसी का नतीजा है कि बार-बार उसका तबादला कर दिया जाता है। उम्मीद से भरी टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की है जब मणिपुर की हिंसा को लेकर न्यायाधीश ने पूछा कि कितने लोग गिरफ़्तार हुए, कितनी एफआईआर दर्ज़ हुई और क्या दो महीने हालत ऐसे थे कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो चुकी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने वह किया है जो सरकार या फिर केंद्र सरकार को करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के डीजीपी को जानकारी देने के लिए हाज़िर होने के लिए कहा है। यदि कोर्ट द्वारा जनता के लिए अधिकारी को यूं तलब करना पड़े, तो यह वही परिस्थिति है कि कार्यपालिका अपने कर्तव्य में नाकाम रही है।

एक बात और है। जो पक्ष-विपक्ष की बहस में उलझेंगे तो नुकसान और ज़्यादा होगा। अभी नूंह से गरीब मजदूरों का पलायन हो रहा है। बाद में पूरे देश से होगा। उद्योग चौपट होंगे। आग में सबसे पहले घर बचाना ज़रूरी है। ये नेता लोग सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए कभी भी किसी भी छतरी के नीचे चले आते हैं और आप इनके लिए लड़ने मरने को तैयार रहते हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है-'चार बातें ध्यान में रखने लायक हैं: आज का नारा- जय जगत, हमेशा का नारा- जय जगत, हमारा नारा- जय जगत, सबका नारा- जय जगत। आज का, कल का, परसों का नारा यही है। इसी से उद्धार होने वाला है। ऐसा तभी होगा जब सोच में एकरूपता आएगी अन्यथा अनेक कारणों दरारें पड़ेंगी, धर्मभेद, जातिभेद, पंथभेद, भाषाभेद, ऐसे टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। समाज की गाड़ी यहीं रुकी हुई है। सब एक दूसरे का हित देखें। इसी में सबका कल्याण है।

**( लेखिका स्वतन्त्र पत्रकार हैं )**

# इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है?

पिछले नौ सालों से भाजपा हमारे देश पर शासन कर रही है। विपक्षी पार्टियों को धीरे-धीरे यह समझ में आया कि भाजपा सरकार न तो संविधान की मंशा के अनुरूप शासन कर रही है और न ही उसकी रूचि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित समावेशी भारत के निर्माण में है। भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों को कमज़ोर करने के लिए कर रही है। इसके अलावा, उसकी नीतियां सरकार के साथ सांठगांठ कर अपना उल्लू सीधा करने वाले पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाली हैं। वह प्रजातांत्रिक अधिकारों को भी कुचल रही है। उसकी राजनीति राममंदिर, लवजिहाद और अन्य अनेक किस्मों के जिहादों, गाय, गौमांस और पहचान से जुड़े मुद्दों के अलावा, हमारे एक पड़ोसी देश पर अति-राष्ट्रवादी कटु हमले करने पर केन्द्रित है। उसकी नीतियों से आम लोगों, और विशेषकर गरीब और कमज़ोर वर्गों, की परेशानियां बढ़ीं हैं। चाहे वह नोटबंदी हो, कुछ घंटों के नोटिस पर देशव्यापी कड़ा लॉकडाउन लगाने का निर्णय हो, बढ़ती हुई बेरोजगारी और महंगाई हो या दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों के दमन में बढ़ोतरी हो- इन सबसे आम लोगों को ढेर सारी परेशानियां भुगतनी पड़ रही हैं।


राम पुनियानी

> विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है।

भाजपा इस देश की सबसे धनी पार्टी है। उसने इलेक्ट्रोरल बांड्स के ज़रिये अकूत धन इकट्ठा कर लिया है। पीएम केयर फण्ड भी पार्टी की तिजोरी भरने का साधन बन गया है। इसके अलावा, पार्टी को आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठनों के लाखों कार्यकर्ताओं के रूप में प्रचारकों की एक विशाल फ़ौज उपलब्ध है। ये सभी चुनाव के दौरान और वैसे भी भाजपा के लिए काम करते हैं।

इस पृष्ठभूमि में गैर-भाजपा पार्टियों ने च्इंडिया' (भारतीय राष्ट्रीय विकास और समावेशिता गठबंधन) का गठन किया है। इस गठबंधन को बैंगलोर में इन पार्टियों के दूसरे सम्मलेन में आकार दिया गया। बैंगलोर में 26 राजनैतिक दलों ने प्रजातंत्र और संविधान को बचाने और भाजपा, जिसका संगठन मतदान केंद्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है और जो एक बढ़िया मशीन की तरह काम करता है, से मुकाबला करने के लिए एक साथ मिल कर काम करने का निर्णय लिया है।

इस संगठन के ठोस स्वरूप लेने से भाजपा चौंकन्ना और परेशान हो गई। सबसे पहले उसने एनडीए (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन) को डीप फ्रीजर से बाहर निकाला। इसमें 38 पार्टियां शामिल हैं, जिनमें से कुछ को छोड़कर सभी अनजान हैं। एनडीए के सम्मलेन में जो बैनर लगाया गया था उसमें केवल शीर्ष नेता का चित्र था और बाकी पार्टियों के नेता उनके आगे दंडवत कर रहे थे।

विपक्षी गठबंधन को इंडिया का नाम देने का निर्णय सचमुच बेहतरीन था और इससे भाजपा और उसके साथी बहुत घबरा गए। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को भला-बुरा कहने के अलावा यह भी कहा कि इस नाम का इस्तेमाल अनुचित है। उनके अनुसार इससे चुनाव में मतदाता भ्रमित हो सकते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने खबर दी है कि इस सिलसिले में दिल्ली के बाराखम्बा पुलिस थाने में एक शिकायत भी भाजपा नेताओं ने दर्ज करवाई है।

भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा इस बहस को एक कदम और आगे ले गए। उनके अनुसार इंडिया और भारत शब्द दो अलग-अलग सभ्यताओं के प्रतीक हैं। अंग्रेजों ने हमारे देश को इंडिया का नाम दिया था और हमें इस औपनिवेशिक विरासत से स्वयं को मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने 'भारत' के लिए संघर्ष किया था और हमें भारत के निर्माण के लिए काम करना चाहिए।

सरमा पर तीखा पलटवार करते हुए कांग्रेस के जयराम रमेश ने ट्वीट किया:'उनके (सरमा) गुरूजी, श्री मोदी ने पहले से चली आ रही योजनाओं को नए नाम दिए- स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से 'टीम इंडिया' के रूप में काम करने को कहा। यहां तक कि उन्होंने 'वोट इंडिया' की अपील भी की। ज्योंही 26 पार्टियों ने अपने गठबंधन को इंडिया का नाम दिया, उन्हें फिट आ गया और वे इंडिया शब्द के इस्तेमाल को 'औपनिवेशिक मानसिकता' का प्रतीक बताने लगे।'

प्रधानमंत्री इससे इतने परेशान हो गये कि उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल को 'बीजेपी फॉर इंडिया' से 'बीजेपी फॉर भारत' में बदल दिया। प्रधानमंत्री के सभ्यताओं और मूल्यों के टकराव की बात करते ही हिन्दुत्ववादी लेखकों में इस मुद्दे पर लिखने की होड़ मच गयी। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित ने लिखा, 'भारत को मात्र संविधान से बंधे एक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना उसके इतिहास, उसकी प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता की उपेक्षा करना है।' इसी गुट के अन्य लेखक तर्क दे रहे हैं कि सभ्यतागत मूल्यों को भारतीय संविधान के मूल्यों पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

भारतीय सभ्यता की इन लेखकों की व्याख्या संकीर्ण है और केवल हिन्दू धर्म की ब्राह्मणवादी परंपरा पर केन्द्रित है। वे भारतीय सभ्यता की हूण और यूनानी सभ्यता से अंत:क्रिया को नजरअंदाज़ कर रहे हैं और भारत में इस्लाम और ईसाई धर्म के आगमन को नीची निगाहों से देखते हुए उसे हमारी सभ्यता पर 'विदेशी आक्रमण' ठहरा रहे हैं। यह आख्यान, जवाहरलाल नेहरु की भारतीय सभ्यता की समझ से एकदम उलट है। नेहरु ने लिखा है, 'भारत एक ऐसी स्लेट है जिस पर एक के बाद अनेकानेक परतों में नए-नए विचार लिखे गए परन्तु कोई भी नयी परत, पिछली परत को पूरी तरह छुपा या मिटा न सकी।'

हेमंत सरमा एंड कंपनी के लिए भारतीय संस्कृति का अर्थ है वह कथित गौरवशाली काल जब ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला था। वे तो चार्वाक, बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक और भक्ति-सूफी संतों जैसे विशुद्ध भारतीयों की परंपरा को भी स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। वे रोमिला थापर, इरफ़ान हबीब, रामशरण शर्मा और हरबंस मुखिया जैसे 'वामपंथी' इतिहासकारों से नफरत करते हैं क्योंकि उनकी दृष्टि में भारतीय सभ्यता का अर्थ है जाति और लिंग आधारित ऊंच-नीच। इन मेधावी इतिहासविदों ने समाज के गहरे सच को उजागर किया। उन्हें केवल 'शासक के धर्म' से मतलब नहीं था। उन्होंने दलितों, महिलाओं और आदिवासियों सहित समाज के सभी वर्गों की बात की और भारतीय सभ्यता की असली विविधता को हमारे सामने रखा।

दरअसल, दक्षिणपंथी विचारधारा ही औपनिवेशिक विरासत की असली वाहक है। वह इतिहास को उसी चश्मे से देखती है जिस चश्मे को हमारे औपनिवेशिक आकाओं ने हमें दिया था। हमारे विदेशी शासक समाज को धर्म के आधार पर बांटना चाहते थे और इसलिए उन्होंने सांप्रदायिक इतिहास लेखन को प्रोत्साहन दिया जो इतिहास को तत्कालीन राजा के चश्मे से देखता है। हेमंत सरमा जैसे लोग इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। हां, इसमें उन्होंने उच्च जातियों और पितृसत्तात्मक व्यवस्था के मूल्यों को भी जोड़ लिया है और यही मिक्सचर बहिष्करण पर आधारित उनकी राजनीति का आधार है।

उनकी राह में मुख्य बाधा है भारत का संविधान। जैसे-जैसे भारतीय राष्ट्रवाद की ताकत और प्रभाव बढ़ने लगा, इन लोगों ने मनुस्मृति और उसके कानूनों का महिमामंडन शुरू कर दिया और वे मुसलमानों, ईसाईयों और साम्यवादियों को देश का 'आतंरिक शत्रु' बताने लगे। भारत के संविधान का विरोध उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है जिसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति पूर्व आरएसएस सरसंघचालक के। सुदर्शन ने की थी। उन्होंने कहा था कि संविधान देश के लोगों के लिए किसी काम का नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है। हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि इंडिया, हेमंत सरमा जैसे लोगों की विघटनकारी राजनीति पर भारी पड़ेगा।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

## पावन प्रसंग

# सबसे सर्वोपरि है स्थिर मन

हम असुरक्षित क्यों रहते हैं? अनिश्चित क्यों रहते हैं? क्योंकि हमने मान लिया है कि हमारे साथ सब कुछ बुरा होगा, लोग अपने सुरक्षित भविष्य के लिए पैसा जोड़ते हैं, उसे संग्रहीत करते हैं। यह असुरक्षा, यह अनिश्चितता- मन को चंचल करती है। हम संचय तो करते हैं-समृद्धि का, साधन का, संपदा का, सद्गुणों का संचय नहीं करते। परिणाम यह होता है कि जितना संचय बढ़ता है, जितना परिग्रह बढ़ता है, उतनी मन की चिंता भी बढ़ती है।

जिनके घर में बहुत सारा सामान है. तो अपने घर की सफाई नहीं कर सकते। सफाई करने के लिए उनकी एक सप्ताह पहले प्लानिंग करनी पड़ेगी कि अब सफाई करनी है, क्योंकि उनके घर में बहुत सामान भरा है, इधर का कूड़ा उधर का कूड़ा। कई बार तो लोग ऐसा करते हैं इस कोने का कूड़ा उस कोने ने कर देते हैं और उस कोनो का कूड़ा इस कोने में। यह मन का जो कचरा है मन का जो कूड़ा है, वही हमको अस्थिर करता रहता है, लेकिन हमें अपने मन को स्थिर करना है इसलिए पहले हम पहचानें, जानें कि कहां-कहां हमारा मन जाता है? हमारे मन को कौन अस्थिर करता है।

व्यक्ति की चिंताएं, शंकाएं उसको सबसे ज्यादा अस्थिर करती है। निषेधात्मक चीजें मन को बहकाती रहती हैं, इसलिए सबसे पहले उन्हें पहचानना जरूरी है, समझना जरूरी है। जहां-जहां नकारात्मकता है, जो-जो चीजें आपको चुभती हैं, उस चुभन को निकालना है, उन गांठों को खोलना है और इसके लिए शुभ विचारों को अपनाना जरूरी है। एक शुभ विचार ही हमारे मन को बदलने के लिए पर्याप्त हैं, बस, उस विचार में वह ऊर्जा होनी चाहिए। हमारे यहां उपनिषदों में चार महावाक्य कहे गए हैं, ये चार ब्रह्मसूत्र हैं, इनके बारे में ज्ञानी जन कहते हैं कि अगर ये चार सूत्र समझ में आ गए तो समझो सारा ब्रह्मसूत्र समझ में आ गया। भगवद्गीता है तो सप्तश्लोकी भगवद्गीता भी है यानी भगवद्गीता के ये सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो सात सौ श्लोक समझ में आ गए। दुर्गासप्तशती है, तो सप्तश्लोकी दुर्गा भी है, इसके सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो दुर्गा सप्तशती समझ में आ गई। बात छोटी सी है, लेकिन एक बात भी अगर समझ में आ जाए, तो जीवन बदलने के लिए यह एक बात भी पर्याप्त है। हमारे जीवन में बहुत सारे काम ऐसे हैं, जो हम नहीं कर सकते, लेकिन भगवत्कृपा से सब कार्य संभव हैं। यह विश्वास, यह श्रद्धा, यह आस्था, हमारे मन को बहुत संबल देते हैं, मन को अस्थिर होने से बचाते हैं, उसे एक जगह टिका देते हैं। जीवन में कई बार बड़ी दुर्घटनाएं घटती हैं, जैसे स्वतंत्रता से पूर्व हमारे देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र यानी गोरखपुर, बलिया, बिहार का कुछ इलाका आदि, इन जगहों में एक दुर्घटना घटी, अंगरेज लोग वहां के कुछ लोगों को पकड़ कर ले गए। ये लोग घर से दूर, परिवार से दूर, रिश्ते-नातों के बिना वहां पर कैसे रहें। वहां तो उन्हें मजदूरी करनी थी, अपने रिश्ते तो उनके देश में ही छूट गए। कोई उन्हें घर वापस बुला नहीं सकता था। फिर रिश्ते बनाने के लिए वहीं कहीं उन्होंने शादी कर ली, अफ्रीकन वगैरह से शादी हुई। अपने साथ अपने देश से वो कुछ नहीं ले गए थे, लेकिन हनुमान चालीसा और तुलसीदासजी की रामायण की यानी श्रीरामचरतिमानस की कुछ चौपाइयां उन्हें कंठस्थ थीं। वो हनुमान चालीसा, वो रामचरितमानस उनके लिए एक तरह से संजीवनी बन गई, उन्हें भावनात्मक संबल देने के लिए एक आधार बन गई।

आज भी आप देखो तो जो दूर देश के इलाके हैं, और उनमें बसे हुए भारतीय हैं, उनसे पूछो कि वे अपने साथ क्या लाए थे? जब मन टूटता था, तब उस टूटे-बिखरे मन के लिए उनका संबल क्या होता था? हनुमान चालीसा। आज भी वहां पर जब भारत से कोई कथावाचक जाते हैं तो बड़े अनुराग से वे राम-कथा सुनते हैं क्यों? उन राम के नाम से उन हनुमान जी के नाम ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों ने उनके जीवन की डोर बांधे रखी। उनके व्यक्तित्व को बिखरने से बचाया। जीवन की छोटी-बड़ी बातों में बड़ी आस्थाएं छिपी होती हैं। वहां सकारात्मकता का, शुभ चिंतन का, सद्गुणों का विश्वास प्रकाश बिखेरो।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बिहार में जातीय जनगणना के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की तनी भृकुटि, नही करेंगे गैर शैक्षणिक कार्य

बिहार में जातीय गणना के पक्ष में राज्य सरकार हमेशा से रही है। एनडीए के गठबंधन के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातीय जनगणना की पैरवी करने मोदी से भेंट की थी। भाजपा जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की आवश्यकता आन पड़ी है। शिक्षक संघ ने सरकार पर यह आरोप लगाते हुए खण्डन किया है कि बीपीएससी में आवेदन करने वाले शिक्षकों के फेल कराने की साजिश है। मुख्य सचिव का कहना है कि कोई भी शिक्षक गैरशैक्षणिक कार्य नहीं करेगा। बिहार में शिक्षक संघ और सरकार के बीच विचारधारा की लड़ाई छिड़ गई है। शिक्षक जातीय जनगणना करेंगे तो बीपीएससी की गणना कैसे करेंगे? शिक्षक और सरकार के बीच तलवार खींच गई है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विरुद्ध सरकार कार्य कर रही है इससे शिक्षकों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। कई राज्यों में जातीय जनगणना का विरोध हुआ है उसके बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जातीय जनगणना की ठान रखी है। फैसलों के खिलाफ शिक्षक संघ आ खड़ा हुआ है जिससे बिहार में आगामी जनगणना की मुहिम में व्यवधान पैदा होने की संभावना है। गणना और गैरशैक्षणिक कार्य के लिए शिक्षकों को ही आगे किया जाता है। शिक्षक सरकार की गाइड लाइन की पालन हर हालत में करेंगे। यदि ऐसा नहीं है तो शिक्षकों को निलंबित करने में सरकार एक पल का विचार नहीं करेगी। कोरोना के समय में मरीज की गणना, पशु गणना और शौचालय गणना आदि कार्य शिक्षकों ने किए हैं। मकानों की गणना और मेट्रिक में इंटरमीडिएट परीक्षा के बाद अब जनगणना में लगने से उनके पास पढ़ाई का समय नहीं बचेगा। इन परिस्थितियों में सरकार क्या कदम उठाती है? लोकसभा चुनाव की तैयारी और 2025 में बिहार विधानसभा की भी तैयारी होगी। ऐसे में शिक्षकों पर पड़ने वाली समय की मार को कैसे व्यवस्थित की जाए। उसके लिए सरकार से अपील की जा रही है। शिक्षा मंत्री व पीएम को पत्र लिखकर शिक्षकों ने न्याय की गुहार लगाई है।

# दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या की बढ़ती घटना समाज के लिए चिंताजनक

कोई दिन खाली नही जाता है अखबार में दुष्कर्म की घटना की खबर नहीं छपी हो। आए दिन दुष्कर्म की घटना में दुधमुंही बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत की जाती है। नाबालिग बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटनाएं बढ़ती जा रही है। यह सभ्य समाज पर कलंक है। आवारा घूमते बिगड़े युवाओं को परिवार और समाज की कोई फिक्र नहीं है। अपने परिवार और माता पिता का सिर शर्म से झुकाने वाले नालायक बेटे दुष्कर्म और हत्या की वारदात को अंजाम दे रहे है। वहशीपन की बढ़ती दरिन्दगी से समाज की युवा पीढ़ी विश्वसनीयता खोती जा रही है। युवतियों और महिलाओं के साथ अमानुषिक घटना अखबार में पढ़ने मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पाषाणयुगीन मानव भी इतने क्रूर और निर्लज्ज नहीं थे। शिक्षित परिवार ऐसे बेहूदा कार्य और कभी माफ नहीं किये जाने वाले कार्य करते हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। दुधमुंही बच्चियों के साथ दुष्कर्म और बाद में हत्या करने वाले विकृत मानसिकता वाले युवाओं में विकृति कहां से आती है। दो-तीन साल की बच्चियों को दुलार करते हैं। उस पर विकृति पैदा कर अमानुषिक कृत्य समाज के लिए कलंक है। कलंकित करने वाले नराधमों को फांसी तो दी जाती है लेकिन यह नाकाफी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर पतने नदी के पुल पर तीन फिट पानी

- पहाडी खेरा पन्ना मार्ग भी अवरुद्ध जिले भर में भारी बारिश
- मोहन्द्रा-पवई रोड का आवागवन बंद



**पन्ना, देशबन्धु।** विगत तीन दिन से हो रही बारिश के चलतें जिले के नदी नाले उफान पर है तथा जिला मुख्यालय से लेकर विभिन्न ग्रामो एवं कस्वो मे लोगो के घरो मे पानी भर रहा है। पवई से निकली पतने नदी का पानी पुल के तीन फिट उंचे पंहुच गया है। जिससे पवई मोहन्द्रा मार्ग बंद हो गया है। इसी प्रकार तिघरा के पास दमोह पन्ना रोड पर केन नदी का पानी भी पुल को छूने लगा है।

जिससे यह मार्ग भी जल्द बंद हो सकता है। उधर पन्ना पहाडीखेरा मार्ग पर इंटवा खांस के पास नाले उफान पर है। जिससे वाहनो का आवागवन बंद हो गया है।

दूसरी ओर यह निर्माणाधीन मार्ग संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया मटेरियल डालने के चलते थोडी सी वर्षात में ही चलने लायक रहता है। क्योकि सडक पर चिकनी मिट्टी तथा लोकल गिट्टी डालने के कारण आवगामन अवरूद्ध हो रहा है। जबकी शासन द्वारा लगभग 80 करोड की राशि उक्त सडक मार्ग को बनाने के लिए स्वीकृत की गई है। लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा लगातार घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है।

उधर सिमरिया तहसील मुख्यालय में बस स्टैन्ड सहित लुधनी मार्ग में भारी पानी भर गया है। जो लोगो के घरो मे घुस रहा है। आम आदमी परेशान है, मोहन्द्रा में भी इसी प्रकार की स्थिति बताई जा रही है। बारिश समाचार लिखे जाने तक जारी है जिससे स्थिति और भी बिगड सकती है।

मोहंद्रा क्षेत्र में नाली ना होने से घरों में घुसा पानी

# बारिश में नगर परिषद की साफ सफाई के दावे की खुली पोल



**पन्ना, देशबन्धु।** नगर परिषद के लाख दावे के बाद पहली ही बारिश ने सारे दावों की पोल खोल दी। जबकि नगर परिषद को स्वच्छता के नाम पर लाखों का बजट मिल रहा है इसके बाद भी नगर में साफ सफाई एवं नाली ना होने से घरों में घुसा पानी बुधवार की रात हुई तेज बारिश से मोहंद्रा क्षेत्र के पैता मोहल्ले में नाली निर्माण नहीं हुई है जिससे कल रात्रि में बारिश होने के कारण लोगों के घरों में पानी घुसा गया वही कुछ घरों में नाली का पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घर में समा गया। जहां लोग रात भर अपने घर से नाली का पानी बाहर निकालते रहे। मोहंद्रा क्षेत्र के अंतर्गत पेंता मोहल्ला में लगभग कई महीनो से नाली का काम चल रहा है जिसमें दो बार नाली बन चुकी है लेकिन अभी भी पैता मोहल्ले में नाली निर्माण नहीं हुई है जिससे कल रात्रि में बारिश होने के कारण लोगों को भारी परेशानी देखी गई जिसमें कुछ लोगों के घर भी टूट कर गिर गए जिसमें काफी लोगों का नुकसान हुआ है जिसमें आज मोहंद्रा प्रताप पर ग्रामीणों ने चक्काजाम करते हुए तहसीलदार को शिकायती आवेदन दिया आवेदन देते हुए बताया गया है कि जल्द ही नाली निर्माण का कार्य कराया जाए जिससे बारिश में होने वाली समस्या से निजात मिल सके अगर 7 दिन में हमारे आवेदन पर ध्यान नहीं देते हैं तो सात दिवस के अंदर एक उग्र आंदोलन होगा जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा आवेदन देने वालों में राम पटेल, अशोक पटेल, संदीप पटेल, लखन पटेल, मुकेश चौरसिया, सुशील पटेल एवं युवा साथी उपस्थित रहें।

# शराब पीकर आए पति-पत्नी में विवाद, पत्नी ने डीजल डालकर खुद को जलाया, पति भी झुलसा



**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम चिखलीकला में एक सनसनीखेज मामला सामने आया जिसमें पति शराब पीकर आया तो इस बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया और गुस्साई महिला ने डीजल डालकर खुद को आग लगा ली । पत्नी की आग बुझाते हुए पति भी गंभीर रूप से झुलस गया है। दोनों को एक प्राइवेट वाहन से मुलताई के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां से उन्हें बैतूल रेफर किया गया है। आगजनी की इस घटना में महिला लगभग 80त्न एवं पुरुष 30त्न से ज्यादा झुलस गया है। यह बात भी सामने आ रही है कि पति शराब पीकर घर आया था एवं पत्नी ने उसे शराब पीने से मना किया था। इसी बात को लेकर इनका विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। जिसके बाद पत्नी ने डीजल डालकर खुद को आग लगा दी। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। क्षेत्र के ग्राम चिखलीकला निवासी मन्द्रेश बिहारे (35 साल) अपनी पत्नी सरिता ( 32 साल) के साथ गांव में ही परिवार से अलग रहता है।

आज मन्द्रेश घर पर शराब पीकर आया था, इसी बात को लेकर उसका सरिता से विवाद हो गया। जिसके बाद सरिता ने घर में रखे डीजल को खुद के ऊपर डालकर आग लगा ली। सरिता को जलता देख को मन्द्रेश ने उसकी आग बुझाने की कोशिश की, उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए। बाद में एक प्राइवेट वाहन से उन्हें मुलताई के सरकारी अस्पताल लाया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बैतूल रेफर किया गया है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। मन्द्रेश ने बताया कि पत्नी से शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद यह घटना हुई है।

# नवागत पुलिस अधीक्षक ने किया पदभार ग्रहण



**पन्ना, देशबन्धु।** नवागत पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस थोटा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना पहुंचकर विभागीय प्रक्रिया के अनुसार पदभार ग्रहण किया गया। साईंकृष्ण एस थोटा भारतीय पुलिस सेवा से 2014 बैच के अधिकारी है। पदभार ग्रहण करने के उपरान्त नवागत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस कंट्रोल रूम, रक्षित क्रेन्द्र पन्ना का भ्रमण किया जहां सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से उनका परिचय जाना तथा सभी पुलिस अधिकारियों को अपराध की रोकथाम तथा पतारसी तथा जनता से बेहतर संवाद करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना आरती सिंह, एसडीओपी गुनौर पीयूष मिश्रा, एसडीओपी अजय गढ़ कल्याणी वरकडे, रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर मौजूद रहे।

## ग्राम हरदुआ खमरिया ग्राम में लोगों के घरो में भरा पानी

**पन्ना, देशबन्धु।** हरदुआ खमरिया में तेज बारिश की बजह से लोगों के घरों व दुकानों में पानी घुसने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। वही दूसरी ओर कुछ घर भी गिर गये है। सूचना लगते ही पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी ग्राम हरदुआ खमरिया पंहुचे तथा हर संभव मदद का आस्वासन दिया है। लोगो ने तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाने की मांग की है। जिन लोगो का नुकसान हुआ है, उनमें पूनम लोधी का घर गिर गया, इसी प्रकार रविशंकर आदिवासी का घर गिरने से नुकसान हो गया एवं स्वरूप चंद जैन का मेडिकल स्टोर में पानी घुस जाने से भारी नुकसान हुआ है। पीडितो ने तत्काल जिला प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।

# रेलवे की उदासीनता : जिले का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय तिरंगा झंडा लगाने 1 माह बाद भी नहीं मिली अनुमति

**मुलताई , देशबन्धु।** नगर के रेलवे स्टेशन परिसर को सुंदर, आकर्षक बनाने एवम् क्षेत्र के युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने लिए नगर के समाजसेवी युवा लोकेश गीदकर द्वारा स्वयं के व्यय पर 101 फुट जिले का सबसे ऊंचा तिरंगा लगाने के लिए स्थान आवंटित किए जाने की मांग की थी।

लेकिन एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक रेलवे विभाग की उदासीनता के चलते अनुमति नहीं मिल पाई है। लोकेश का कहना है कि वे 15 अगस्त पर इस तिरंगे का लोकार्पण करवाना चाहते है। लेकिन रेलवे विभाग द्वारा जगह चिन्हित कर झंडा लगाने की अनुमति नहीं दिए जाने से 15 अगस्त पर इसका लग पाना असंभव प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे विभाग द्वारा अनुमति नहीं मिल पाने की स्थिति में उन्होंने नगरपालिका से भी नगर में तिरंगा झंडा लगाने के लिए स्थान आवंटित किए जाने की मांग की थी, जिस पर नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड शहीद स्तंभ के पास जगह उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई है।

### इनका कहना है

*लगभग 1 माह पूर्व लोकेश गीदकर द्वारा तिरंगा झंडा लगाने के लिए स्टेशन परिसर पर स्थान की मांग की गई थी, उनका आवेदन उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक अनुमति प्राप्त नहीं हुई है।*

***हिमांशु कुमार***
***मुलताई रेलवे स्टेशन मास्टर***

# बिजली का करंट लगने से एक बैल और एक गाय की हुई मौत



**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कोहपानी में गुरुवार शाम चारा चार कर वापस लौट रहे एक गाय और एक बैल की करंट लगने से मौत हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोकेश रघुवंशी ने बताया कि ग्राम कोहपानी के मोहन रघुवंशी रोज की तरह अपने जानवरों को लेकर शाम में घर वापस जा रहे थे, तभी अचानक गांव के पास लोहे के खंभे पर लगी डीपी के चारों तरफ बारिश का पानी थमा हुआ था, इस पानी में करंट फैल जाने के कारण जैसे ही गाय और बैल पानी के संपर्क में आए, करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मोहन रघुवंशी ने बताया कि अचानक से बैल और गाय गिर कर तड़पने लगे, करंट लगने की आशंका के कारण वे उनके पास नहीं जा पाए, उन्होंने बताया कि डीपी पर बिजली का तार लोहे के खंभों से टकराने के चलते नीचे थमे बारिश के पानी में भी करंट फैल गया और उनकी एक गाय और एक बैल की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गाय की कीमत करीब 45000 और बैल की कीमत करीब 25000 थी।

# सुबह से शाम तक महिलाएं करती रही इंतजार

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी करने वाले डॉक्टर शाम 5 बजे पहुंचे, जबकि ग्रामीण क्षेत्र से महिलाएं सुबह से ही नसबंदी शिविर के लिए मुलताई स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आ गई थी। डॉक्टर नहीं होने के कारण उन्हें और उनके परिजनों को शाम तक इंतजार करना पड़ा जानकार बताते हैं कि यह पहला अवसर नहीं है जब शिविरों में आने वाली महिलाओं को डॉक्टर का इंतजार करना पड़ा अनेकों बार इंतजार करते-करते महिलाएं वापस घर चली जाती हैं। मुलताई ब्लॉक से 31 महिलाओं ने ऑपरेशन हेतु पंजीयन कराया था, जिसमें से 30 महिलाएं ऑपरेशन कराने हेतु गुरुवार सुबह से अस्पताल पहुंची थी, लेकिन देर शाम 5 बजे तक डॉक्टर के ना आने के कारण महिला परेशान होते हुए दिखाई दी। दिनभर बारिश का दौर होने और अस्पताल में महिलाओं के बैठने की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण महिलाओं के साथ आए छोटे छोटे बच्चे और परिजन परेशान होते दिखाई दिए। शाम 5:00 बजे सर्जन रिटायर्ड डॉक्टर रमेश बडवे मुलताई अस्पताल पहुंचे, तब ऑपरेशन कराए जा सके। बीईई चंद्रकला डोंगरे ने बताया कि अस्पताल में गुरुवार एलटीटी शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 31 महिलाओं ने पंजीयन कराए थे। जिनमें से 30 महिलाएं ऑपरेशन कराने हेतु अस्पताल पहुंची। ऑपरेशन करने हेतु कोई स्थाई डॉक्टर नहीं होने के कारण भोपाल निवासी रिटायर्ड डॉ रमेश बडवे को बुलाया गया था।

### इनका कहना

आज मुलताई पट्टन दो जगह नसबंदी शिविर थे इसलिए डॉक्टर को मुलताई आने में देरी हो गई। वैसे भी सामान्यत: हितग्राही 11 बजे आते हैं और जांच और डॉक्यूमेंट स्कूटनी में 2 घंटे लग जाते हैं।

**डॉ अभिनव शुक्ला ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी मुलताई**


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि मैं, जीतेन्द्र सूत्रकार आत्मज श्री किशोरी लाल कोरी मैने अपनी माता का नाम परिवर्तन अपने जन्म प्रमाण पत्र में श्रीमती सविता कोरी से सावित्री कोरी कराया है। अत: भविष्य में मेरी माता को सावित्री कोरी के नाम से जाना जाए।

**माता का पुराना नाम** **(सविता कोरी)** **माता का नया नाम** **(सावित्री कोरी)**

**पता:- वार्ड नं. 7 बोदी मोहल्ला खरगापुर, टीकमगढ़ म.प्र.**


## सावंगी के पंचायती कुएं में युवक ने लगाई छलांग, पानी में डूबने से हुई मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभातपट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सावंगी निवासी युवक ने बुधवार शाम ग्राम के पंचायती कुए में छलांग लगा दी और वह अपनी जान गवां बैठा। ग्राम सावंगी निवासी भाऊराव कडू ने मुलताई पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया बुधवार शाम में ग्राम के सुरेंद्र उर्फ गंठी पिता गुलाबराव कडू बुधवार शाम में ग्राम की पुलिया के पास स्थित पंचायती कुए में कूद गया। सुरेंद्र की पानी में डूबने से मौत हो गई।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सागर (म.प्र.)

दूरभाष 07582-224269 E-mail-eephe_sagar@yahoo.co.in

क्रं. 2141 /निविदा प्रकोष्ठ/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड, सागर दिनांक 01.08.2023

### निविदा सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग सागर के लिए वाहन किराये पर लिए जाने हेतु आनलाईन निविदा http://www.mptenders.gov.in दिनांक 14.08.2023 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्रं. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ई-टेंडर क्रमांक | खण्ड | कार्य की अनुमानित लागत रुपये में | धरोहर राशि रुपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति समूह रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रं. 39/ 01.08.2023 | 2023_PHED_ 295728_1 | खण्ड सागर | 216000/- | 4320/- | रू. 2000/- |
| 2 | क्रं. 40/ 01.08.2023 | 2023_PHED_ 295729_1 | उप खण्ड बण्डा | 216000/- | 4320/- | रू. 2000/- |
| 3 | क्रं. 41/ 01.08.2023 | 2023_PHED_ 295731_1 | उप खण्ड देवरी | 216000/- | 4320/- | रू. 2000/- |
| 4 | क्रं. 42/ 01.08.2023 | 2023_PHED_ 295732_1 | उप खण्ड सागर | 216000/- | 4320/- | रू. 2000/- |

निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो संशोधन ऑनलाईन ही देखे जा सकेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वा. यॉ. खण्ड सागर**

जी-17744/23


## प्रथम पृष्ठ का शेष

दिल्ली बिल लोकसभा में.... ने कहा कि शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। चौधरी ने दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे। आपको लगता है कि यहां घोटाला होता है तो उसके लिए आपको यह बिल लाना जरूरी था? आपके पास ईडी, सीबीआई, आईटी है. आप उसका इस्तेमाल क्यों नहीं करते?।

**आपसी समझ विकसित करने....** विरासत अत्यंत समृद्ध है। यहां सर्वाधिक जनजातियां निवास करती हैं। हमारे सामूहिक प्रयास होने चाहिए कि हम अपनी संस्कृति, लोकाचार, रीति-रिवाज और प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखते हुए जनजातीय समुदाय के आधुनिक विकास में भागीदार बनें। नव उन्मेष से संयुक्त प्रतिभाएं भारत को समग्र विकास के उत्कर्ष तक ले जाएं। 'उन्मेष' और 'उत्कर्ष' जैसे आयोजन इस दिशा में तर्क संगत भी हैं और भाव संगत भी। ऐसा आयोजन एक सशक्त 'कल्चरल ईको सिस्टम' का निर्माण करेगा। इसमें मध्यप्रदेश शासन का सक्रिय सहयोग सराहनीय है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद मेरी सर्वाधिक यात्राएं मध्यप्रदेश में हुई हैं। मैं आज पांचवी बार मध्यप्रदेश की यात्रा पर आई हूं। मैं प्रदेश के 8 करोड़ निवासियों को यहां मेरे आत्मीय स्वागत के लिए धन्यवाद देती हूं।

इसके पहले केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी द्वारा संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने दीप प्रज्ज्वलन कर उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के भोपाल आगमन पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में प्रदेश की संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष श्रीमती संध्या पुरेचा, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती उमा नंदूरी उपस्थित थीं।


## मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. रहली संभाग

**जन समस्या निवारण शिविर**

शिविर आयोजन दिनांक 03 अगस्त 2023 से 13 अगस्त 2023

| क्रं. | संभाग का नाम | वितरण केन्द्र का नाम | शिविर में उपस्थित रहने वाले अधिकारी का नाम एवं पद | शिविर लगाने का दिनांक | शिविर लगाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रहली | केसली प्रथम | श्री आर आर कारपेंटर प्रभारी परीक्षण सहायक श्रेणी | 04/08/2023 | पटनाखुर्द |
| | | | | 07/08/2023 | नाहरमउ |
| | | | | 09/08/2023 | पलोह |
| | | | | 10/08/2023 | केवलारी |
| | | | | 11/08/2023 | जैतपुर |
| 2 | रहली | केसली द्वितीय | श्री संजय रघुवंशी सहायक अभियंता | 04/08/2023 | सहजपुर |
| | | | | 07/08/2023 | कुसमी |
| | | | | 09/08/2023 | महका |
| | | | | 10/08/2023 | तेन्दूडाबर |
| | | | | 11/08/2023 | सरियापानी |
| 3 | रहली | गौरझामर | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | गुगवारा |
| | | | | 07/08/2023 | बरकोटी कला |
| | | | | 09/08/2023 | खैराना |
| | | | | 10/08/2023 | चरगुवा |
| | | | | 11/08/2023 | मढ़ी |
| 4 | रहली | देवरी ग्रामीण | श्री भगवान सिंह टेकाम सहायक अभियंता | 04/08/2023 | चीमाढाना |
| | | | | 07/08/2023 | मोकला |
| | | | | 09/08/2023 | मानेगाव |
| | | | | 10/08/2023 | छीर |
| | | | | 11/08/2023 | बीना बारहा |
| 5 | रहली | महाराजपुर | श्री सुनील अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | खकरिया |
| | | | | 07/08/2023 | तीतरपानी |
| | | | | 09/08/2023 | महाराजपुर |
| | | | | 10/08/2023 | विजोरा |
| | | | | 11/08/2023 | सिमरिया |
| 6 | रहली | देवरी नगर | श्री मन्दीप डिम्हा प्रभारी परीक्षण सहायक श्रेणी 2 | 04/08/2023 | कार्यालय परिसर |
| | | | | 07/08/2023 | |
| | | | | 09/08/2023 | |
| | | | | 10/08/2023 | |
| | | | | 11/08/2023 | |
| 7 | रहली | गढ़ाकोटा पूर्व | श्री राहुल शह सहायक अभियंता | 04/08/2023 | बलेट |
| | | | | 07/08/2023 | उदयपुरा |
| | | | | 09/08/2023 | गुनजौरा |
| | | | | 10/08/2023 | पिपरिया गोपाल |
| | | | | 11/08/2023 | रोन |
| 8 | रहली | गढ़ाकोटा पश्चिम | श्री अमित पटेल कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | चौरई |
| | | | | 07/08/2023 | हरदी |
| | | | | 09/08/2023 | कुमेरिया |
| | | | | 10/08/2023 | चनौआ |
| | | | | 11/08/2023 | बसारी |
| 9 | रहली | गढ़ाकोटा नगर | श्री ओ. पी. अग्रवाल कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | कार्यालय परिसर |
| | | | | 07/08/2023 | |
| | | | | 09/08/2023 | |
| | | | | 10/08/2023 | |
| | | | | 11/08/2023 | |
| 10 | रहली | रहली ग्रामीण | श्री सुखदेव देसाई कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | पटना |
| | | | | 07/08/2023 | छिरारी |
| | | | | 09/08/2023 | चांदपुर |
| | | | | 10/08/2023 | जूना |
| | | | | 11/08/2023 | काछीपिपरिया |
| 11 | रहली | रहली नगर | श्री सुखदेव देसाई कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | कार्यालय परिसर |
| | | | | 07/08/2023 | |
| | | | | 09/08/2023 | |
| | | | | 10/08/2023 | |
| | | | | 11/08/2023 | |

**कार्यपालन अभियंता (सं./सं.)**
**म.प्र.पु.क्षे.वि.वि.कं. लि. संभाग- रहली**

# भैंस लेकर आ रहे युवक पर हमला कर किया घायल

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** नगर में निवासरत एक युवक के साथ बीते 2 अगस्त की दोपहर बका से हमला करके मारपीट करने की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 40 वर्षीय युवक मुफीद खान पुत्र नसीर खान खेत से अपनी भैंस को लेकर आम रास्ते जा रहा था। मोहल्ले में ही निवासरत बृजेश वंशकार अपने घर के सामने स्थित नाली के ऊपर सीमेंट की पट्टी बना रहा था। भैस लेकर जा रहे मुफीद खान ने बृजेश से रास्ते से हटने को कहा तो उसने अपने पिता गुड्डी वंशकार को बुलाया और पिता-पुत्र ने मिलकर मुफीद खान के ऊपर हमला कर दिया। आरोपियों ने मुफीद के साथ धारदार हथियार बका से हमला करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। इस घटना में मुफीद को चोट आने पर उसका उपचार कराने के उपरांत दोनो आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण कायम किया गया है।

# संभागायुक्त और पुलिस महानिरीक्षक ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** सागर संभाग के कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत तथा पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा जनपद पंचायत जतारा जिला टीकमगढ़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जतारा में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों सहित हैलीपेड का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर अवधेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे, एसडीएम जतारा लोकेन्द्र सिंह सरल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर डॉ. रावत ने कार्यक्रम स्थल पर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, हैलीपेड एवं प्रस्तावित रोड शो के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक श्री वर्मा ने भी पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



मैं हूं अभिमन्यु अभियान का दूसरा चरण

# समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने किया जागरुक



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** 'में हूँ अभिमन्यु' अभियान अंतर्गत दिनांक 02/08/23 को पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या के मार्गदर्शन में डीएसपी महिला शाखा सुश्री प्रिया सिंधी के नेतृत्व में टीकमगढ़ नगर के जवाहर नवोदय विद्यालय में अभिमन्यु अभियान के संबंध में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। बालिकाओं, महिलाओं पर घटित अपराधों के संबंध में संपूर्ण जानकारी देते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे नशा, दहेज, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, अशिक्षा, लिंगभेद के चक्रव्यूह को तोड़ने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने हेतु सभी को जागरूक किया गया एवं अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर सूबेदार श्रीमती आर्या पाराशर, चौकी प्रभारी खिरिया आकाश रूसिया, नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्रए, छात्राएं तथा पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अग्रवाल महिला महासभा ने सर्किट हाऊस में किया स्वागत



**टीकमगढ़,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा सहित समस्त अग्रवाल समाज की ओर से सिगरौंली नगर निगम की महापौर एवं आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रानी अग्रवाल का टीकमगढ़ के सर्किट हाउस में राजनीतिक प्रवास पर आने पर फूल माला से स्वागत किया गया। प्रातः 11 बजे टीकमगढ़ के अग्रवाल समाज की वरिष्ठ और महासभा के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर स्वागत कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। इस मौके पर श्रीमती रानी अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज की महिलाओं को एकजुट होकर आगे आकर अपना स्थान बनाना है। मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की प्रदेश उप महामंत्री महक अग्रवाल ने अपना परिचय देते हुए अपनी समिति से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, शोभा सिंगल, इंदु अग्रवाल, ममता अग्रवाल ने आशा जताई कि सभी महिलाएं इसी तरह समाज का नाम रोशन करेंगे। महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी केके अग्रवाल ने कहा कि सवर्ण वर्ग को मौका दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर गोविंद बिहारी अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, रमेश बॉस, नरेंद्र अग्रवाल, मोहन लोहिया, अनूप सिंघल, केके अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, उपस्थित रहे। टीकमगढ़ आने पर अग्रवाल समाज और महासभा ने बधाइयां प्रेषित करते हुए महापौर रानी अग्रवाल की तरफ से सभी को धन्यवाद दिया गया। इसके साथ ही स्वागत करते हुए चित्र फोटो भेट दी गई।

## शासकीय माध्यमिक शाला नया खेड़ा में सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित

# शिक्षक भागचंद्र जैन को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासकीय माध्यमिक शाला नया खेड़ा में पदस्थ शिक्षक भागचंद जैन का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम के सरपंच भूपेंद्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों द्वारा भागचंद्र जैन का तिलक एवं फूल मालाओं से स्वागत कर शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार दिए गए। शाला के प्रधान अध्यापक बुद्ध सागर सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र का वाचन कर अपना उद्बोधन देते हुए भागचंद्र जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात भागचंद जैन के परिजनों ने भी अपनी-अपनी बात रखी। संस्था के बच्चों ने भी उपहार देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी अतिथियों ने भागचंद जैन जी के स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक किशोर कुमार जैन, श्रीमती माधुरी अवस्थी, विवेक खरे, सुनील मिश्रा, श्रीमती अनामिका शर्मा, श्रीमती पुष्पा चढ़ार, श्रीमती गीता चंदेरिया, श्रीमती प्रीति, रानी जैन, सुधीर जैन, डब्लू एवं भागचंद जैन के परिजन उपस्थित रहे

# मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए पैदल यात्रा का जत्था रवाना



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की दिगौड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम खरोई से गुरवार को माँ वैष्णो देवी के दर्शन करने 8 भक्तों का पैदल जत्था रवाना हो गया। ग्राम खरोई के सजन सिंह घोष ने जानकारी देते हुए बताया है कि हम सभी 8 लोग माँ वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए पैदल चलकर जा रहे हैं। यह यात्रा माँ के आशीर्वाद से प्रारंभ हुई है और इस पैदल यात्रा में कटरा माँ वैष्णो के दरबार में पहुंचने में करीब दो से तीन महीने का समय लग सकता है। आज सुबह से ही पूरे क्षेत्र में बारिश हो रही है, ऐसे में सभी भक्त बारिश में पैदल यात्रा रवाना हुए। पैदल यात्रा करने जा रहे लोगों का ग्रामवासियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया और इस यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं गई। इस जत्थे में सजन सिंह सहित कुलदीप घोष, गोविंद सिंह घोष, आकाश सिंह घोष, धीरु घोष, यशवंत घोष, देवेंद्र घोष व लखन चढ़ार माँ वैष्णो धाम की यात्रा के लिए पैदल चलकर माँ के दरबार में मत्था टेकने जा रहे हैं।

## मां जगदंबा के दरबार में कल से श्री रामकथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का शुभारंभ

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी किले में विराजमान मां जगदंबा देवी जी की असीम कृपा व आशीर्वाद से श्री श्री 1008 राम कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम माता रानी के दरबार में 5 अगस्त से आयोजित किया जा रहा है। माता रानी के दरबार में भक्त द्वारा सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। दिगौड़ा क्षेत्र के आसपास सबसे प्राचीन माता रानी का मंदिर किले में स्थित है, जहां माँ जगदंबे का दरबार है। भक्तों की मुराद पूरी होने पर मंदिर में पिछले कई वर्षों से दूर-दूर के भक्तों व स्थानीय भक्तों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कराए जाते हैं। 5 अगस्त शनिवार की शाम को नगर से विशाल कलश यात्रा भक्तों के द्वारा निकाली जाएगी। 6 अगस्त रविवार से सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वार्षिक शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित चंद्रभूषण पाठक महाराज के मुखारविंद से श्री राम कथा भक्तों को सुनाई जाएगी। शिवार्चन पूजन पंडित महेंद्र शुक्ला आचार्य के द्वारा हिंदू संस्कृति के अनुसार संपन्न कराया जाएगा। 14 अगस्त को पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किला परिसर में आयोजित किया जाएगा।

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा

# आप ने निकाली सत्ता परिवर्तन बदलाव यात्रा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी द्वारा नगर में सत्ता परिवर्तन बदलाब यात्रा का आयोजन श्रीमती रानी अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश एवं सिंगरौली महापौर के तत्वाधान एवं जितेंद्र जैन क्रांतिकारी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। यह यात्रा नजर बाग टीकमगढ़ से प्रारंभ होकर पपौरा चौराहा, कटरा बाजार, सिंधी धर्मशाला, अस्पताल चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुची। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें शहर में आ रही पीने के पानी की समस्या, वर्षा के जल भराव की समस्या, कुंडेश्वर रोड पर लगे स्ट्रीट लाइट को चालू करने की मांग, विश्राम गृह टीकमगढ़ में ग्वालियर के राजा श्रीमंत माधवराव सिंधिया की जगह शहीदे आजम भगत सिंह की मूर्ति की स्थापना करने सहिएत देश व प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, सिलेंडर एवं खाद्य पदार्थ के बढ़ते हुए दामो को कम करने व आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति को सुधारने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्षा एवं सिंहरौली महापौर रानी अग्रवाल, अमित भटनागर प्रदेश सचिव,ए इन्द्र विक्रम सिंह संस्थापक सदस्य, जितेन्द्र चौरसिया प्रदेश संयुक्त सचिब, दिलीप शर्मा लोकसभा प्रभारी, आशीष खरे लोकसभा उपाध्यक्ष, राजेश वंशकार लोकसभा संयुक्त सचिब, गोपाल सिंह जिला अध्यक्ष निवाड़ी, पुष्पेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष छतरपुर, राजकुमार जैन जिला अध्यक्ष व्यापार विंग, सियाराम रजक पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष, जिला सचिब रामधीन अहिरवार, आप नेता वीरेंद्र बडुगैंया, रत्नेश पांडे, राजेन्द्र रजक, नितिन कुमार जैन, मंडल अध्यक्ष चंद प्रकाश विश्वकर्माए, रामदीन अग्रवाल, गोकुल विश्वकर्मा, जाहर सिंह, अनिल केवट आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उधारी के पैसे मांगे तो कर दी मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के मृगवास थानांतर्गत पैसे के लेन-देन में दो व्यक्ति आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसर फरियादी मेहराव पुत्र इब्राहिम खाँ निवासी गढ़ी मोहल्ला ने बताया कि करीब 4 महीने पहले उसने मामूर को 4 लाख रूपये दिए थे। जिसे उसके द्वारा बार-बार मांगने पर मामूर खाँ बाद में पैसे देने की बोल रहा। यहीं नहीं विगत दिनों उसने मेरे खिलाफ थाने में रिपोर्ट भी करा दी। बुधवार सुबह जब वह थाने पर अपने खिलाफ रिपोर्ट पता कर वापस घर जा रहा था। तभी कलारी के सामने मामूर खाँ, शाकिर खाँ एवं शाबिर खाँ मिले।

## कोचिंग के लिए आवेदन 16 अगस्त तक

**गुना, देशबन्धु।** जिला संयोजक अनु. जाति एवं जनजातीय विभाग गुना ने बताया कि गुना अंतर्गत विभागीय जिला एवं खण्डस्तरीय उत्कृष्ट छात्रावासों में (कन्या एवं बालक) आवासरत कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की अंग्रेजी, गणित, भौतिक, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान एवं कम्प्यूटर विषय की कोचिंग हेतु शासन द्वारा निर्धारित योग्यता रखने वाले शासकीय अथवा अशासकीय अनुभवी एवं योग्य शिक्षक उक्त कोचिंग हेतु अपने आवेदन 16 अगस्त तक संबंधित उत्कृष्ट छात्रावास में जमा किये जा सकेगें।

## बुजुर्ग महिला के साथ भतीजे व उसकी पत्नी ने की मारपीट

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी में बुजुर्ग महिला के साथ भतीजे व उसकी पत्नी के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम बम्हौरी निवासी बुजुर्ग महिला कौशल्या पत्नी कामता अहिरवार उम्र 60 साल ने अपने पति के साथ पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बुधवार 2 अगस्त को उसके मवेशी देवर के घर के सामने से निकालने पर उसके भतीजे देवेन्द्र अहिरवार व उसकी पत्नी सोनम अहिरवार गाली गलौज व विवाद करने लगी। बुजुर्ग महिला ने गाली देने से मना किया तो इन दोनों ने कुल्हाड़ी की मूंद मार दी व मारपीट कर दी। इस घटना में बुजुर्ग महिला के सिर में चोट आ गई। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया कि बुजुर्ग महिला के साथ परिवार के लोगों के द्वारा मारपीट करने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और वृद्धा का उपचार कराया गया।

# विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों मे उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने बाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ, शोभाराम रोशन के निर्देशन में जिला महिला प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉ. पी.के.माहौर एवं द्वितीय डॉ.के.एम.वरूण द्वारा आईपास फाउंडेशन भोपाल के सहयोग से आशा कार्यकर्ताओ व पी.एच.सी.एवं सब हैल्थ सेन्टर को अस्थाई साधनो की पहुंच बढ़ाने हेतु सम्मानित किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.एम.वरुण ने वताया कि विकल्प कार्यक्रम अंतर्गत जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम में अस्थाई साधनो में उत्कृष्ट सेवायें के लिये 6 आशा कार्यकर्ता, 3 पी.एच.सी., 3 सब हैल्थ सेन्टर को चयनित किया गया, जिन्होंने प्रथम गर्भावस्था धारण में परिवार नियोजन साधनों के बारे मे नवदम्पतियों को सलाह दी। जिस कारण हितग्राहियों को लाभ हुआ। दो बच्चों में 3 बर्ष का अंतर रखने में परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों जैसे कंडोम, माला एन, छाया एवं अन्तरा इन्जेक्शन एवं पी.पी.आई.यू.सी.डी. के बारे में हितग्राहियों को सलाह परामर्श देकर उन्हें परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिये प्रेरित कर सेवाएं प्रदान की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिये प्रस्शित पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। साथ ही आईपास फाउंडेशन भोपाल को उनके तकनीकि सहयोग के लिए चलाये जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इस सम्मान समारोह के अवसर पर आईपास फाउंडेशन भोपाल के प्रोग्राम स्पेशलिस्ट अनिल शर्मा, समन्वयक संभाग सागर संजय कुमार वरिष्ठ, जिला समन्वयक अमित गोस्वामी, जिला मीडिया अधिकारी मनोज नायक, डी.सी.एम. प्रबल त्रिपाठी, मेडीकल ऑफीसर डॉ. अंकित साहू, वी.ई.ई.जतारा स्वर्ण सिह घोष सहित आशा कार्यकर्ता, ए.एन.एम., सी.एच.ओ. उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता बडागांव गुडिया लोधी, आशा पलेरा रिहाना बानो, आशा वल्देवगढ़ राजवती प्रजापति, आशा बडागांव विमला अहिरवार, आशा जतारा रामकली कुशवाहा, आशा पलेरा मालती प्रजापति, डॉ. अंकित साहू मोहनगढ़, ए.एन.एम.अस्तौन सीमा शर्मा, सीएचओ वल्देवगढ़ तुलसा गौड़, सी.एच.ओ.पलेरा अशोक अहिरवार, सी.एच.ओ. बड़ागांव श्रीमती रोशनी चौहान, सी.एच.ओ.जतारा विकास मालवीय, ए.एन.एम.जतारा श्रीमती अरूणा पटैरिया, ए.एन.एम.पलेरा श्रीमती उर्मिला कुशवाहा का सम्मानित किया गया।

## स्व. माधव राव सिंधिया की प्रतिमा लगाने को लेकर गहराया विरोध

# बुंदेलखंड की विरासत बचाने के लिए हम एकजुटः शाश्वत सिंह

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के विश्राम गृह में लगाई जा रही स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा को लेकर लोगों का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। गुरुवार शाम 5 बजे अस्पताल चौराहे पर प्रतिमा के विरोध में लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश सरकार पर तानाशाही के आरोप लगाकर गुपचुप तरीके से लगाई गई मूर्ति को लेकर नाराजगी जताई। धरना प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शाश्वत सिंह बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड की विरासत को बचाने के लिए हम सब लोग आज एक मंच पर इकट्ठा हुए हैं। जिन महापुरुषों का बुंदेलखंड और टीकमगढ़ के विकास में योगदान रहा। उनकी प्रतिमा लगाने की बजाय माधवराव सिंधिया की प्रतिमा लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता चापलूसी दिखाने के लिए विश्राम गृह में सिंधिया की मूर्ति लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर प्रतिमा का आवरण नहीं होने देंगे। अगर जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार ने नियम विरुद्ध तरीके से लगाई गई प्रतिमा को नहीं हटाया तो आंदोलन लगातार जारी रहेगा। 5 अगस्त को किसी भी कीमत पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रतिमा का अनावरण नहीं करने देंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में शहर के आम लोग शामिल हुए और उन्होंने सिंधिया की प्रतिमा लगाए जाने पर नाराजगी जताई।



## प्रतिमा स्थल तक पैदल मार्च निकाला

धरना प्रदर्शन के बाद शाम 6.30 बजे लोगों ने अस्पताल चौराहा से लेकर विश्राम गृह तक पैदल मार्च निकालकर जमकर नारेबाजी की। लोगों के विरोध के चलते प्रतिमा स्थल के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। रैली निकालकर पहुंचे लोगों को पुलिस बल ने सर्किट हाउस के गेट पर ही रोक दिया। इस दौरान विरोध कर रहे लोगों और पुलिस के बीच आमने-सामने की स्थिति बन गई। स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा के अनावरण से पहले सर्किट हाउस के आसपास बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने बैनर पोस्टर लगाए हैं। कार्यक्रम स्थल के पास मुख्यमंत्री से ज्यादा माधवराव सिंधिया और ज्योतिरादित्य सिंधिया के पोस्टर नजर आ रहे हैं।

## सार समाचार

### घर-घर जाकर बीमारियों के प्रति किया जा रहा जागरूक



**दमोह देशबन्धु।** जिला आयुष कार्यालय दमोह के अधीन संचालित समस्त शासकीय आयुर्वेद संस्थाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा 01 अगस्त 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक आयुष आपके द्वार अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगानुसार आयुर्वेद औषधि का वितरण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के नेतृत्व में दमोह जिले के सभी आयुष संस्थाओं के माध्यम से घर-घर जाकर वर्षा कालीन बीमारियों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्हें आवश्यकता अनुसार संशमनी वटी, हिंग्वाष्टिक चूर्ण, महानाराण तेल इत्यादि औषधियों का वितरण किया जा रहा हैं।

### पतंजलि परिवार आज मनायेगा बालकृष्ण महाराज का अवतरण दिवस

**दमोह देशबन्धु।** पतंजलि योगपीठ आचार्य बालकृष्ण महाराज का अवतरण दिवस 4 अगस्त 2023 को 9:30 से 11:00 बजे तक जड़ी-बूटी दिवस के रूप में कटनी बाइपास राजनगर दमयंती पुरम दमोह के सी ब्लॉक के सामने पतंजलि पार्क में वृक्षारोपण एवं जड़ी-बूटी वितरण कर मनाया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक जोसेफ मैथ्यूज एवं समस्त स्टाफ के साथ पतंजलि परिवार के सभ योग शिक्षक, तहसील प्रभारी एवं जिला प्रभारी मौजूद रहेंगे।

### विधायक सहित कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक पहुंचे ग्राम मगरा टोला

#### 24 घंटे से अधिक बरसात होने पर ग्राम में भरा पानी

**दमोह देशबन्धु।** जिले के जबेरा विधानसभा की ग्राम पंचायत बंशीपुर के ग्राम तांवरी मगरा टोला में अधिक बरसात होने से पास से निकली नदी का पानी घरों में जा पहुंचा एवं पानी की बाढ़ से आने जाने के सभी रास्ते बंद हो गए और पूरा गांव जलमग्न होने लगा। इस दौरान जबेरा विधायक धर्मेंद्र लोधी को दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई। जबेरा विधायक के द्वारा कलेक्टर को अवगत कराये जाने पर कलेक्टर मयंक अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और नदी की बाढ़ का जायजा लिया। रेस्क्यू टीम मगरा टोला पहुंची जहां से 50 से 60 लोगों को रेस्क्यू के माध्यम से सुरक्षित निकाला गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन भी मौजूद रहे।

# जबेरा कन्या विद्यालय में 4 माह में 3 चोरियां, पुलिस चोरों का पता लगाने में नाकाम



**दमोह देशबन्धु।** जबेरा ग्राम में पुलिस के उदासीन एवं निष्क्रिय रवैये के कारण चोरी की घटनाएं आम बात हो गई है कभी किन्ही की दुकान के ताले टूट रहे तो कभी शासकीय कार्यालयो विद्यालयों में चोरों के द्वारा चोरी करके शासकीय सम्पत्तियों को नुकसान पहुचाया जा रहा है जिसका कारण जबेरा पुलिस की निष्क्रियता सामने आई है।

जबेरा में लगातार शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में चार माह में ताले तोड़कर तीन बार चोरी हो गई। तीनो बार विद्यालय द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई किन्तु पुलिस ने इस प्रकार एक ही विद्यालय में बार बार हो रही चोरी को गम्भीरता से नही लिया और हर बार शिकायत लेकर बैठ जाती है और विवेचना या चोरों की शिनाख्त करने में कोई रुचि नही है जिसका परिणाम यह है कि चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे है और वह लगातार विद्यालय पर रात्रि में ताले तोड़कर शासकीय सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे है अभी तक विद्यालय की चोरी में विद्यालय के लाखों रुपये का सामान चोरी जा चुका है जिसमे विद्यालय के 4 इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस टेबलेट, लैपटॉप, खेल सामग्री इत्यादि चोरी गए है वही चोरों द्वारा चोरी की नीयत से विद्यालय की सामग्रियों को बहुत नुकसान पहुचाया जा रहा है जिसमें उनके द्वारा विद्यालय के कंप्यूटर एवम प्रिंटर को फोड़ दिया गया है वही बीस से अधिक अलमारियों को तोड़ने के प्रयास में बड़े रूप में क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। विद्यालय के शिक्षक स्टाफ को विद्यालय के दस्तावेजो के चोरी होने का भय सता रहा है क्योंकि विद्यालय में छात्राओं की बोर्ड की अंकसूचियों सहित दाखिल खारिज, संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की सेवा पुस्तिकाएं जैसी महत्वपूर्ण सामग्री रहती है उनकी चोरी होने या क्षतिग्रस्त किये जाने पर उनकी पूर्ति सम्भव नही होगी। इस संबंध मे विद्यालय प्राचार्य विमला धुर्वे द्वारा पुलिस में एफआई आर दर्ज कराई गई है किंतु आज दिनांक तक चोरों का पता नही लगाया जा सका है। पुलिस की यहाँ तक लापरवाही सामने आई है कि तीन तीन चोरियां होने के बाद भी जबेरा पुलिस द्वारा चोरी गए टेबलेट की ट्रेसिंग करने एस पी कार्यालय की सायबर सेल को लिखित में जानकारी नही भेजी गई है। इससे बड़ी लापरवाही किसी शासकीय सम्पत्ति के प्रति पुलिस की क्या कही जा सकती है। वही कुछ दिन पूर्व जबेरा थाने से चंद कदम दूर मेन रोड पर शटर के ताले तोड़कर चोरों ने चोरी की थी जिसके वीडियो फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए थे इसके बावजूद भी पुलिस ने चोरों की शिनाख्त एवम पकड़ने में कोई रुचि नही ली। वही पुलिस दिन रात ग्राम में चाय की दुकानों एवम ढाबो पर अपना समय व्यतीत करते हुए कभी भी देखी जा सकती है। ग्रामीणों का कहना है पुलिस तत्काल सख्त कार्यवाही कर चोरों का पता लगाकर उन्हें सजा दिलाये एवम इन चोरियों पर रोक लगाए अन्यथा बहुत जल्द पुलिस के खिलाफमजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।

# कानून व्यवस्था के खिलाफ ज्ञापन सौंपा



**दमोह देशबन्धु।** मासूम बच्चियों एवं लाडली बहनों की सुरक्षा करने और बढ़ती कानून व्यवस्था के खिलाफजिला महिला कांग्रेस प्रमुख एवं समस्त कांग्रेस जन के द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है, मासूम बच्चियों और लाड़ली बहना खुद की असुरक्षित समझ रही हैं। अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं मैहर में एक 11 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता की घटना सामने आई है वही गढ़ाकोटा की एक वृद्ध 75 साल की महिला के साथ बलात्कार हुआ। जिसको दबाने की कोशिश की जा रही है।

ज्ञापन के माध्यम से कार्यवाही करने की मांग की गई है।। इस ज्ञापन मैं उपस्थित जिला अध्यक्ष महिला रजनी ठाकुर, जिला अध्यक्ष रतन चंद जैन, शहर अध्यक्ष कोमल अहिरवाल, नितिन मिश्रा, प्रभात मिश्रा, कमला निषाद, गीता लोधी, सीताबाई पटेल, सविता पटेल, लक्ष्मी साहू, मोहिनी ठाकुर, समीर कुरेशी, अजय जाटव, भूपेंद्र अजवानी, कमलेश उपाध्याय, डीपी पटेल, दिनेश रैकवार, अरविंद अवस्थी, बसंत अनुज ठाकुर, डब्बू महाराज, श्रीपाल आदि ने ज्ञापन सौंपा।

# सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने मतदाता जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दमोह देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा और एडीएम मीना मसराम ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह रथ जिले के चारों विधानसभाओं के ग्रामों में भ्रमण कर मतदान करने, अपना नाम जुड़वाने प्रेरित करेगा साथ ही अन्य जानकारियां भी देगा।

# एकलव्य विवि में वरिष्ठ इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 5 एवं 6 को



**दमोह देशबन्धु।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली एवं एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 5 एवं 6 अगस्त को आयोजित द्वितीय वरिष्ठ इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी के संबंध में एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ सुधा मलैया ने पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। डॉ सुधा मलैया ने बताया कि विगत 45 वर्षों से भारत के प्रामाणिक इतिहास लेखन, तथ्य संकलन तथा शोध एवं पुराण के क्षेत्र में कार्य करने वाले इतिहासकारों को समर्पित अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली एवं एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के संयुक्त तत्वावधान में द्वारा वरिष्ठ इतिहासकार परिषद की द्वितीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में इतिहास विद्या एवं इतिहास लेखन: प्रविधि, प्रवृत्तियां एवं नवीन आयाम विषय पर आगामी श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी, पंचमी, कलियुगाब्द 5125, विक्रमी संवत 2080, तदनुसार शनिवार रविवार 5, 6 अगस्त 2023 को आयोजित की जा रहीं हैं। संगोष्ठी पर आगे जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी में भारतीय इतिहास एवं इतिहास लेखन, भारतीय काल विभाजन, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय कला, वृहत्तर भारत, भारतीय इतिहास के अध्ययन के स्त्रोत, भारतीय इतिहास के अनसुलझे प्रश्न, भारत के विभिन्न राजवंश विषयों पर आधारित होगी।

# कार्यक्रम से लौट रहे जबेरा जनपद उपाध्यक्ष को रोककर ग्रामवासियों ने बताई बिजली की समस्या



**दमोह, देशबन्धु।** ग्राम छपरवाहा कार्यक्रम से लौट रहे जबेरा जनपद उपाध्यक्ष डॉ सुजान सिंह को बीच रास्ते में ही ग्राम मझगुवां मानगढ़ एवं ग्राम पंचायत चिलौद के ग्राम टपरिया के सैकड़ों ग्रामीणों ने बीच सड़क पर रोक लिया उन्होंने डॉक्टर सुजान सिंह को समस्या सुनाते हुए बताया कि हमारे गांव में 1 माह से ट्रांसफॉर्मर खराब होने कारण लाइट नहीं है गांव में अंधेरा पसरा है इसलिए हम लोग सड़कों पर समय काट रहे इसी प्रकार ग्राम टपरिया के ग्राम वासियों ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि 15 दिनों से लाइट ना होने कारण अंधेरे में 3 लोगों को सांप ने काट लिया और मच्छर अधिक होने के कारण लोग बीमार पढ़ रहे हैं बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है हम लोग अंधेरे में जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं खराब पड़े ट्रांसफार्मर की जानकारी विद्युत विभाग नोहटा के कर्मचारियों को कई बार दी लेकिन किसी ने नहीं सुनी तो हम लोगों ने हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को भी समस्या के बारे में बताया लेकिन उन्होंने भी बात को टाल दिया और फोन लगाने पर भी फोन नहीं उठा रहे।

डॉ सुजान सिंह ने रात 9:30 विद्युत विभाग नोहटा के कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने बात को टालते हुए कहा कि जेई प्रभात दुबे से बात करो मैं कुछ नहीं कर सकता जेई प्रभात दुबे का फोन बंद होने पर डॉ सुजान सिंह ने चेतावनी दी की 2 दिन के अंदर ट्रांसफॉर्मर नहीं रखे जाते तो हम सभी ग्रामवासियों के साथ एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ नोहटा विद्युत विभाग के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे उसकी पूरी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# *7 जिलों में अतिवृष्टि की चेतावनी जारी*

***भोपाल, देशबन्धु।*** *पश्चिम बंगाल और उससे लगे झारखंड पर गहरा अवदाब का क्षेत्र बना हुआ है। मानसून द्रोणिका भी गोरखपुर से होकर जा रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इन दो मौसमी सिस्टमों के कारण लगातार आ रही नमी के कारण गुरुवार-शुक्रवार को पूर्वी मध्य प्रदेश के रीवा, शहडोल, जबलपुर एवं सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। वहीं जबलपुर, मंडला सहित सात जिलों में अतिवृष्टि की लाल चेतावनी जारी की गई है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन ने बताया कि गहरे अवदाब का क्षेत्र पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। गुरुवार तक इसके कमजोर पड़कर अवदाब के क्षेत्र में और शुक्रवार तक अति कम दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। वहीं मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर गोरखपुर, गया, बांकुरा से गहरे अवदाब के क्षेत्र तक बनी हुई है। इन मौसमी सिस्टमों की वजह से लगातार नमी आने का सिलसिला बना हुआ है। नतीजतन पूर्वी मप्र में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र ने सात जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा की लाल चेतावनी जारी की है। इनमें उमरिया, कटनी, जबलपुर, मंडला, पन्ना, दमोह एवं शिवपुरी जिले शामिल है। वहीं सीधी, सिंगरौली, रीवा, सतना, शहडोल, डिंडौरी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, गुना, अशोकनगर, श्यौपुरकलां, विदिशा एवं रायसेन जिले में अति भारी वर्षा की नारंगी चेतावनी जारी की गई है, जबकि सीहोर, भोपाल, नर्मदापुरम, बैतूल, देवास, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, अनूपपुर एवं निवाड़ी जिले में मध्यम से भारी वर्षा की पीली चेतावनी जारी की गई है। उधर बुधवार को सुबह से शाम तक मंडला में 31, मलाजखंड में 25, नर्मदापुरम में 22, रीवा में 17, सीधी में 14, जबलपुर में 13, सतना में 12, रतलाम में 11, भोपाल में 8.2, खजुराहो में सात, नौगांव में छह, उज्जैन में पांच, पचमढ़ी में चार, दमोह एवं उमरिया में तीन, ग्वालियर में 2.4, बैतूल, छिंदवाड़ा एवं गुना में दो, इंदौर में 1.9, सागर में एक, धार में 0.9 मिलीमीटर वर्षा हुई।*

# बीआरटीएस कारिडोर के विभाजक से टकराकर कार पलटी, कारोबारी की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** मिसरोद थाना के नर्मदापुरम मार्ग पर बुधवार तड़के एक तेज रफ्तार कार बीआरटीएस कारिडोर के डिवाइडर से टकराने के बाद करीब पचास फीट तक कार घिसटती हुई चली गई पलट गई। इस हादसे में कार चालक कारोबारी की मौत हो गई। पुलिस का शुरूआती अनुमान है कि नींद का झोंका आने के कारण यह दुर्घटना हुई होगी। हालांकि सही कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

मिसरोद थाना प्रभारी आरबी शर्मा ने बताया कि भानुप्रताप सिंह राघव उम्र 48 वर्ष जनता कालोनी, ई-6 अरेरा कालोनी में रहते थे। ग्राम बगरौदा में उनकी फैक्ट्री है, जहां लोहे के उपकरण बनाए जाते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और दो बेटियां हैं। बुधवार तड़के उनकी फैक्ट्री में गिट्टी पहुंचने वाली थी, इसलिए तड़के करीब तीन बजे भानुप्रताप गिट्टी को भरवाने के लिए घर से निकले थे। करीब पंद्रह मिनट बाद वह नर्मदापुरम मार्ग स्थित शनि मंदिर के पास पहुंचे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर बीआरटीएस कारिडोर के डिवाइडर से टकरा गई। रफ्तार तेज होने के कारण कार डिवाइडर को तोड़ते हुए करीब पचास फीट तक घिसटने के बाद पलट गई। इस हादसे में कार चला रहे भानुप्रताप को गंभीर चोट आई थी। हादसे की सूचना मिलते ही मिसरोद पुलिस मौके पर पहुंची तो कार बुरी तरह से चकनाचूर पड़ी मिली, जबकि भानुप्रताप कार के बाहर बेसुध पड़े थे। उन्हें तुरंत ही जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन यहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दयिा है।

### जूनियर डॉक्टर खुदकुशी मामले में कार्रवाई

# स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एचओडी अरुणा कुमार को हटाया



**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की जूनियर डॉक्टर डॉ. बाला सरस्वती के खुदकुशी मामले में डॉ. अरुणा कुमार को विभागाध्यक्ष (एचओडी) पद से हटा दिया गया है। इसकी पुष्टि गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन दफ्तर से जुड़े एक वरिष्ठ चिकित्सक ने की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएमसी डीन डॉ. अरविंद राय की मौजूदगी में बुधवार दोपहर कॉलेज काउंसिल की बैठक हुई। इसमें काउंसिल सदस्यों ने डॉ. बाला सरस्वती के खुदकुशी मामले को लेकर शुरू हुई जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म कराने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की प्रोफेसर और एचओडी डॉ. अरुणा कुमार से इस्तीफा मांगा। लेकिन, डॉ. कुमार ने काउंसिल के फैसले को मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। नतीजतन देर शाम जीएमसी प्रबंधन ने उन्हें पद से हटा दिया। इसकी पुष्टि गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन दफ्तर से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक ने नाम न छापने की शर्त पर की है। उन्होंने बताया कि डॉ. कुमार की जगह विभाग की ही डॉ. भारती सिंह परिहार को प्रभारी एचओडी बनाया है। उधर इससे पहले, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद राय और अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया से कॉलेज में हड़ताल कर रहे जूनियर चिकित्सकों की मांगों के संबंध में चर्चा की।

## हड़ताली जूनियर चिकित्सकों को धमकाया, हड़ताल जारी

उधर स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष और कुछ प्राध्यापकों द्वारा आज विभाग के हड़ताल कर रहे जूनियर चिकित्सकों को धमकाने का मामला भी सामने आया है। बताया गया है कि जीएमसी डीन डॉ. अरविंद राय की मौजूदगी में बुधवार दोपहर आयोजित कॉलेज काउंसिल की बैठक में हड़ताल कर रहे जूनियर चिकित्सकों के प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए बुलाया गया। बैठक में जिस वक्त जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारी स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एचओडी डॉ. अरुणा कुमार समेत दूसरे प्राध्यापकों की प्रताड़ना की शिकायत कर रहे थे। उसी समय, कॉलेज के प्रशासनिक ब्लॉक में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की दो वरिष्ठ चिकित्सक, जूनियर चिकित्सकों को बुलाकर, हड़ताल खत्म करने के लिए धमका रही थीं। वरिष्ठ चिकित्सकों के इस रवैए से खफा होकर हड़ताल कर रहे करीब 50 से ज्यादा जूनियर चिकित्सक ने डीन दफ्तर पहुंचकर डीन डॉ. अरविंद राय को शिकायत की। यह चिकित्सक डॉ. राय को शिकायत करते-करते रो दिए। बाद में इन्हें कॉलेज की सीनियर प्रोफेसर डॉ. कविता कुमार ने उनकी समस्याओं का समाधान का आश्वासन देकर शांत कराया। इस घटनाक्रम के बाद जूनियर चिकित्सकों ने हड़ताल खत्म करने से इंकार कर दिया।

# 5 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़े गए रेलवे स्टेशन प्रबंधक



**भोपाल, देशबन्धु।** लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार सुबह भोपाल स्टेशन के प्रबंधक (वाणिज्यिक) राजेश रायकवार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। बताया गया है कि लोकायुक्त की कार्रवाई के दौरान स्टेशन प्रबंधक ने बचकर भागने की भी कोशिश की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए।

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक मनु ब्यास ने बताया कि सुखबीर सिंह भदौरिया पिता विजय राम सिंह भदौरिया ने मंगलवार को लोकायुक्त कार्यालय में आकर लिखित शिकायत की थी कि वह एक पेटी कांट्रेक्टर है और भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर उसकी खान पान की कैंटीन है। लेकिन स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्यिक) राजेश रायकवार हर माह उसे छह हजार रुपये की बंदी रिश्वत के रूप में देने के लिए कई दिनों से दबाव बना रहे हैं। रुपये नहीं देने पर वे अनावश्यक जुर्माना करके परेशान करते हैं। इससे वह अब बुरी तरह से परेशान हो गए। सुखबीर की शिकायत का सत्यापन कराने के बाद बुधवार को लोकायुक्त डीएसपी वीरेंद्र सिंह, निरीक्षक मयूरी गौर, निरीक्षक विकास पटेल एवं अन्य टीम के साथ भोपाल स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्यिक) के कार्यालय में सुखवीर भदौरिया को पांच हजार रुपये भेजा। जहां सुखवीर ने जैसे राजेश रायकवार को पांच हजार रुपये की रिश्वत दी और उन्होंने रुपये लिए, उसी दौरान पहले से तैयार खड़ी लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके बाद राजेश ने लोकायुक्त टीम से बचकर भागने की कोशिश की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया। इसके बाद वह लोकायुक्त टीम से मिन्नतें करता रहा, लेकिन पुलिस ने उस पर प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### श्रीमती रजनी को विदाई



**भोपाल, देशबन्धु।** मंत्रालय में जनसंपर्क विभाग के प्रेस प्रकोष्ठ में स्टेनोग्राफर श्रीमती रजनी आसुदानी के सेवानिवृत होने पर आज अधिकारियों कर्मचारियों ने विदाई दी। अपर सचिव एवं अपर संचालक जनसंपर्क डॉ एचएल चौधरी ने श्रीमती आसुदानी की 42 वर्ष की सेवाओं की सराहना करते हुए सुखमय भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपसंचालक जनसंपर्क अशोक मनवाणी, अन्य स्टाफ सदस्य और श्रीमती आसुदानी के परिजन उपस्थित थे।

### आवेदन आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** माटी शिल्पियों को वर्ष 2021-22 एवं 22-23 के लिए राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्रदान किया जाना है। प्रथम पुरूस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरूस्कार 50 हजार और तृतीय पुरूस्कार 25 हजार रुपये का होगा। इसके लिए जिले के माटी शिल्पियों से प्रथक-प्रथक आवेदन 11 अगस्त तक कलाकृति सहित जिला अधिकारी माटीकलां बोर्ड कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

# कृषि मंत्री रहते हुए किसानों के लिए बनाई योजनाएं, लाभ ले रहे किसान: गोपाल भार्गव

## 50 वर्ष पूर्ण होने पर, मंडी बोर्ड ने मनाई स्वर्ण जयंती,किसान, हम्माल, व्यापारियों व कर्मचारियों का किया सम्मान



**रहली, देशबन्धु।** कृषि जगत के लिए आज का दिन महत्तपूर्ण है, आज से 50 वर्ष पूर्व मंडी बोर्ड का गठन हुआ था एक ही परिसर में खरीद हो सभी व्यवस्था हो यही इसके पीछे का उद्देश था बहुत सी मंडियों में दीनदयाल थाली योजना के तहत भोजन की व्यवस्था है अब रहली मंडी में भी शुरुवात करेंगे। यह बात कृषि उपज मंडी रहली में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान मंत्री गोपाल भार्गव ने कही उन्होंने बताया की पहले सड़को के किनारे पल्ले डाले जाते थे और व्यापारी अपनी मर्जी से खरीदी करता था। बाहर से गेहूं मंगाते थे और यह कंट्रोल में देते थे ये स्थिति हमारी थी गेहूं का उपज ही नही होता था, 2003 में कृषि मंत्री बना विभाग मेरे पास था, हमने बहुत से परिवर्तन किए और आज पंजाब से ज्यादा गेंहू हमारे मप्र में उत्पादन होता है, अटल जी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की जिससे किसान समृद्ध हुए, पहले भूमि विकास बैंक होते थे जिन्हे हमने भंग किया, 18 से 20 प्रतिशत ब्याज सहकारी बैंकों में लगता था हमारी सरकार ने इस ब्याज को जीरो कर दिया सरकार अति है जाती है पर मुझे जो भी विभाग मिले उनसे मेने किसानों को कल्याणकारी योजनाएं बनाई। जब मेरे पास पंचायती विभाग मिला तो हर गांव में प्रधानमंत्री सड़क बनाई गई। उन्होंने बताया की किसान, व्यापारी, हम्माल प्रशासन सभी को मिलकर रहली मंडी को सुद्रण बनाना है। स्वस्थ परंपरा का ध्यान रखना है, अगले वर्ष हमारा क्षेत्र शत प्रतिशत सिंचित हो जायेगा। कार्यक्रम में किसान, व्यापारी, हम्माल व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस दौरान एसडीएम गोविंद दुबे, तहसीलदार राजेश पांडेय, वरिष्ट कृषि विस्तार अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, महादेव गुप्ता, मनोज पांडेय, प्रमेंद्र शुक्ला, छतर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## शासकीय अस्पताल में महिला चिकित्सक से मारपीट



**रहली, देशबन्धु।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना ककरी मौहार में मरीज के साथ और परिजन द्वारा अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी जिसकी रिपॉर्ट महिला चिकित्सक अनामिका विश्वास पिता रविन्द्र नाथ विश्वाग उम्र 34 साल द्वारा पुलिस थाने में की गई थाना प्रभारी रोहित मिश्रा ने बताया की महिला चिकित्सक के अनुसार सुबह करीब 10 बजे सीएचसी रहली में डयूटी पर थी कि समय करीब 10.15 बजे की बात है, वार्ड नं. 15 का गगन पिता भगवानदास वसल अपने अन्य परिजन के साथ अपनी मां गीता पति भगवान दास उम्र 52 साल नि. वार्ड नं. 15 मोहार रहली को मृत अवस्था में लेकर सीएचसी रहली आया था, जिसके निरीक्षण में पाया कि उसकी नाडी नहीं चल रही है, सांस नही ले रही है, और बीपी नहीं है। पुतलिया भी उसकी फैल गयी उसके उपरांत मैने गीता बंसल को मृत घोषित किया जिसके पश्चात उसका लड़का गगन बंसल गुस्से में आकर शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए मुझसे अभद्र भाषा का प्रयोग कर गंदी गंदी गालियां देने लगा, मैने उसे गाली देने से मना किया तो गगन ने मुझे गर्दन में एक मुका मार दिया, मुझे बचाने मेरा स्टाफ नार्सिंग आफिसर पूनम वायकर, वार्डवाय अभिषेक आये तो गगन उनको भी गालियां देने लगा मौके पर अन्य स्टाफ साधना वाल्मीक, अमन विगारी थे जिन्होंने घटना देवी सुनी व बीच बचाव किया, घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रभारी डॉ. बसंत नेमा, डॉ. संदीप असाठी मौके पर पहुंचे और पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस द्वारा शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

## जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा: कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** जिले में स्वतत्रंता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। कलेक्टर दीपक आर्य ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की गत दिवस बैठक लेकर विभिन्न विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था संबंधी दायित्व सौपें। स्वतत्रता दिवस का मुख्य समारोह पीटीसी ग्राउंड सागर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजरोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर शानदार परेड का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 10वी बटालियन एसएएफ, जवाहर लाल नेहरू पुलिस अकादमी सागर, पुलिस बल, वन विभाग कमान्डेण्ट, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउड भाग लेंगे एवं इसके प्रभारी रक्षित निरीक्षक होंगे। 15 अगस्त को सभी कार्यालय पर कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रात: 7 से 8 बजे तक ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी तरह शिक्षण संस्थाओं में प्रात: 7 से 8 तक ध्वजारोहण होगा। पीटीसी ग्राउंड की संपूर्ण व्यवस्था के प्रभारी नगर दंडाधिकारी सागर, नगर पुलिस अधीक्षक, कार्यपालन यंत्री और आयुक्त नगर निगम सागर होगें। ग्राउंड समतलीकरण का कार्य कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण सागर का होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों के नाम 8 अगस्त तक भेजे जा सकेंगे। मुख्यमंत्री का संदेश प्राप्त कर उपलब्ध कराने का दायित्व उपसंचालक जनसम्पर्क का होगा। कार्यक्रम की अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को प्रात: 9 बजे की जाएगी। 15 अगस्त के आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था के समन्वयक अपर कलेक्टर होंगे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने कैलाश विजयवर्गीय को सद्बुद्धि देने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष की प्रार्थना सभा

## भाजपा का संत विरोधी चेहरा हुआ उजागर: सुरेंद्र चौधरी



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा गत दिवस बीना में आयोजित कार्यक्रम में संत गुरु रविदास महाराज के मंदिर निर्माण को लेकर दिये गये विवादास्पद बयान से आक्रोशित कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी की अगुवाई में भगवानगंज स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सद्बुद्धि प्रार्थना सभा कर कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा को सद्बुद्धि देने के लिए प्रार्थना की। पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कैलाश विजयवर्गीय के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि कैलाश विजयवर्गीय के बयान से भाजपा का असली और संत समाज विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से यह जानना चाहा है कि कैलाश विजयवर्गीय द्वारा संत गुरु रविदास महाराज के बारे में दिए गए बयान को लेकर अपनी राय स्पष्ट करें अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस पार्टी संत गुरु रविदास और संत, महात्माओं के सम्मान में सड़कों पर उतरेगी। सद्बुद्धि प्रार्थना सभा में राकेश राय, पुष्पेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, सुनील सिंह, फिरदोस कुरेशी, अशरफ खान, शरद राजा सेन, कुंदन जाट, राजा बुंदेला, रवि उमाहिया आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

## फसल बीमा की अंतिम तिथि 16 अगस्त



**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ 2023 के लिए अधिकृत पटवारी हल्का अंतर्गत किसानों की फसलों का बीमा करने के लिए बैंकों द्वारा प्रीमियम जमा किए जाने की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित है बैंक द्वारा किसानों के लिए भारत सरकार का फसल बीमा पोर्टल पर बैंक द्वारा समय सीमा में प्रविष्टि किया जाना आवश्यक है। अऋणी किसान जन सेवा केंद्र के माध्यम से 16 अगस्त तक फसल बीमा करा सकते हैं।

## संघ के प्रकल्प सेवा भारती का शिशु संरक्षण गृह भवन, विधायक ने किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन ने संघ के प्रकल्प सेवा भारती के अंतर्गत मातृछाया के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मातृछाया की संकल्पना एक ऐसे शिशु संरक्षण गृह के रूप में की गई है जहां पर नवजात अबोध एवं परित्यक्त शिशुओं के पालन पोषण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को एक छत के नीचे सुनिश्चित किया जाता है। विधायक निधि से 18 लाख रुपए की राशि से इस संस्था का भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो लगभग पूर्णता की ओर है, विधायक श्री जैन ने पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सेवा भारती के सचिव एड. उमेश पांडे, राजेंद्र लोधी उपस्थित थे।

## सहायक आयुक्त ने डेयरी संचालकों से डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने समझाईश दी

**सागर, देशबन्धु।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेयरी विस्थापन योजनान्तर्गत शहर की डेयरियों को विस्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत सहा. आयुक्त राजेशसिंह राजपूत एवं आनंद मंगल गुरू ने दल के कर्मचारियों के साथ तिलकगंज वार्ड एवं नरयावली नाका वार्ड में लगभग 10 डेयरियों संचालकों से चर्चा कर उनकी डेयरियाँ शुक्रवार से शहर से बाहर विस्थापित करने हेतु समझाईश दी। निगमायुक्त ने डेयरी विस्थापन हेतु नियुक्त किये गये दोनों दलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिये है कि जल्दी से जल्दी शेष बची डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने की कार्यवाही करने में तेजी लाये। उन्होंने कहा कि अधिकतर डेयरी संचालकों ने शहर हित को देखते हुये अपनी-अपनी डेयरियां डेयरी विस्थापन स्थल रतौना में अथवा शहर से बाहर सुविधा अनुसार विस्थापित कर ली है। डेयरी विस्थापित रतौना में लगभग 50 डेयरी संचालकों ने अपने-अपने शेडों का निर्माण कर लिया है जिनमें से 17 डेयरी संचालकों ने विस्थापन स्थल से अपनी डेयरियों का संचालन प्रारंभ कर दिया है। निगमायुक्त ने कहा कि डेयरी विस्थापन की कार्यवाही 15 मई से लगातार चल रही है इसलिये अब किसी भी डेयरी संचालक को समय न दिया जाए। सहायक आयुक्त ने बताया कि गुरूवार को बारिश होने के कारण डेयरी विस्थापन की कार्यवाही नहीं हो सकी।

## नागरिक फीडबैक देकर अच्छी रैंक दिलाने में सहयोग करें: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त ने नगर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर लाने के लिए आवश्यक रूप से सकारात्मक फीडबैक देने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर दिलाने के लिए 16 अगस्त तक चल रहे फीडबैक देने के कार्य को केवल 13 दिन का समय शेष है इसलिए फीडबैक देने हेतु शेष रह गए शहरवासी आवश्यक रूप से अपना फीडबैक देकर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर लाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें। पूरे देश में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 प्रारम्भ हो चुका है जिसमें प्रदेश के साढ़े सात करोड़ नागरिक भाग ले रहे हैं जिसमें हम भी अपने शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर लाने के लिए 16 अगस्त तक अपना फीडबैक देकर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर दिलाने के लिए आगे आए और स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों, परिचितों और आस पड़ोस के नागरिकों को फीडबैक देने के लिए प्रेरित करें।

## 2 अपराधियों पर की गई जिला बदर की कार्यवाही



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के द्वारा गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया गया था आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक केपी पटैल के मार्गदर्शन में थाना केंट के सौरभ पिता प्रेम अहिरवार उम्र 21 साल निवासी मढ़िया विठ्ठल नगर, पुत्तु उर्फप्रेयांश पिता दुर्गा प्रसाद अहिरवार उम्र 21 साल निवासी गणेश मंदिर के पास मढिया विठ्ठलनगर सागर के विरुद्ध जिला बदर आदेशानुसार दोनों अपराधियों को छ: माह के लिये जिला सागर की सीमा के किया।

## 22 अगस्त को भोपाल में आयोजित होगी पेन्शनर्स की रैली

**सागर, देशबन्धु।** पेन्शनर्स एसोसियेशन जिला शाखा की मासिक बैठक हरिओम पाण्डेय प्रान्तीय संगठन सचिव एवं जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में कलेक्टेट परिसर में आयोजित की गई किया। ब्रजबिहारी उपाध्याय संभागीय अध्यक्ष ने बैठक का संचालन एवं अरविन्द चौबे जिला सचिव ने आभार व्यक्त किया। बैठक में पेन्शनर्स एसोसियेशन के प्रान्तीय आह्वान पर 22 अगस्त को भोपाल में आयोजित रैली, जुलूस, धरना प्रदर्शन आन्दोलन एवं सुन्दर कांड, हनुमान चालीसा पाठ करने पर चर्चा करते हुये इस आन्दोलन में जिले से सम्मिलित होने वाले साथियों की सूची तैयार की गई, जिले से 250-300 पेन्शनर्स तीन स्पेशल बसों, अपने निजी वाहनों तथा ट्रेन से भोपाल पहुंच कर आन्दोलन में सम्मिलित होने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही एसोसियेशन के विस्तार, नवीन सदस्यता, पेन्शनर्स की व्यक्तिगत समस्याओं, लंबित प्रान्तीय एवं स्थानीय समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण की योजना तैयार की गई। सरकार पेन्शनर्स को निरीह और कमजोर समझने की भूल नहीं करें। बैठक में डॉ. प्रदीप कुमार खरे, आरएल शुक्ला, सुदामा प्रसाद रैंकवार, राजेश केशरी, रामकरन सेन, एमके रावत, राजेन्द्र सिंह चन्देल, ओपी रिछारिया, आरपी मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किये।

## वार्डो में निकली मतदाता जागरूकता रैली



**शाहगढ़, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तहसील में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। नगर के वार्डो में भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़ चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे है। महिला बचत साख समूह की दीदिया ग्रामीण और नगरीय वार्डो में महिलाओं एवं लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नगर के वार्डो में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नगर परिषद सीएमओ एमजी गोस्वामी द्वारा मतदान के लिए जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कर्मचारियों और महिलाओं द्वारा अपने वार्डो में बैनर लेकर रैली निकाली गई। उन्होंने सभी को मतदाता शपथ भी दिलवाई। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने भी शाहगढ़ में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

## जीआरपी ने यात्रियों से लूट करने वाले 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बीना, देशबन्धु।** रेलवे लाइन के किनारे से होकर बीना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने जा रहे दो यात्रियों के साथ झांसी आउटर पर हुई लूट और डकैती के मामले में जीआरपी पुलिस ने 18 दिनों के बाद खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 16 जुलाई 2023 की है, जब कमल सिंह रघुवंशी निवासी विदिशा अपने साथी लखन सिंह के साथ रात 9.35 बजे बीना से ग्वालियर जाने के लिए रेलवे लाइन किनारे पैदल स्टेशन आ रहे थे।

झांसी आउटर पर अंधेरे में करीब पांच लोग आए और चाकू मारने की धमकी देकर कमल का मोबाइल, एटीएम कार्ड और थैला छीन के ले गए। लखन से मोबाइल, 9 हजार रुपए और एक बैग लूट कर ले गए। जीआरपी ने प्रथम दृष्टया धारा 392 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। आरोपियों तक पहुंचने के लिए टीम गठित कर अलग अलग जगहों पर भेजी गई।

**सीसीटीवी कैमरों के आधार पर बनाए गए स्क्रैच**

घटना के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए सबसे पहले बीना शहर में लगे सरकारी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला गया। इसी के साथ नगर में लगे निजी सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों से मदद मिली। इसके आधार पर आरोपियों के स्क्रैच तैयार किए गए। स्क्रैच के आधार पर मुखबिरों की मदद ली गई और आरोपियों तक पुलिस पहुंची। जिसमें 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। लूट और डकैती के मामले का खुलासा करने वाले सहायक उपनिरीक्षक मूलचंद ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद टीम का गठन किया गया था। इसके बाद रेलवे परिसर, स्टेशन, ट्रेनों सहित नगर में इस तरह की घटना करने वाले 25 से ज्यादा संदेहियों से पूछताछ की गई। इसके आधार पर मुखबिर तंत्र को मजबूत किया गया। तब कहीं आरोपियों तक पुलिस पहुंची।

**इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार**

लूट और डकैती की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में यश उर्फ पोलो पिता महेन्द्र माली 18 निवासी मढ़िया वार्ड बीना, धर्मेन्द्र पिता सुखनंदन प्रजापति 21 निवासी इंद्रागांधी वार्ड, अंकित उर्फ छोटू पिता परमानंद सेन 19 निवासी साईंधाम कॉलोनी बीना, सुरेन्द्र पिता हरिकिशन अहिरवार 29 निवासी साईंधाम कॉलोनी बीना, अंकित पिता महेन्द्र राजपूत 22 निवासी मनोरमा वार्ड बीना और राहुल पिता हरिशंकर राय 33 निवासी खिरिया वार्ड को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से चाकू और दो मोबाइल कीमत तीस हजार रुपए, नकद पांच हजार रुपए बरामद किए हैं। आरोपियों पर धारा 392, 395 के तहत कार्रवाई की गई है। सामान खरीदने वाले अंकित और राहुल को जेल भेज दिया गया है और अन्य आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड मांगी गई है। आरोपी यश माली पर पूर्व में कई मामले दर्ज हैं।

## अध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ सीएमओ ने जलभराव स्थिति का निरीक्षण किया



**बांदरी, देशबन्धु।** नगर बांदरी में तेज बारिश से नगर जलमग्न हो गया नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह के साथ सीएमओ राजेश मेहतेले बारिश में ही निरीक्षण करने वार्ड आगासिर्स पहुंचे वही वार्ड में पैदल भ्रमण कर जलभराव की स्थिति को देखा और मौके पर सीएमओ मेहतेले ने कहा कि वार्डवासियों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर परिषद निरंतर प्रयासरत है जिसके लिए आपदा प्रबंधन की टीम पूर्ण रूप से तैयार है। समय-समय पर निरीक्षण कर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए कार्य कर रही है। इसी के साथ निरीक्षण के दौरान वार्ड वासियों ने सीएमओ को विद्युत पोल टूटने की सूचना दी तो सीएमओ ने अध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से जानकारी लेकर हाल जाना जानकारी के अनुसार विद्युत पोल टूटने से कोई हानि नहीं हुई सिर्फविद्युत सप्लाई कुछ घंटे बाधित रही। मौके पर ही अध्यक्ष प्रतिनिधि ने विद्युत विभाग के अधिकारी को सूचना दी और कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारी निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करने के साथ विद्युत सप्लाई को लेकर काम करेंगे।

## जेपी कंपनी के गेट नंबर 1 के सामने किसानों ने किया प्रदर्शन



### केवल दिया जा रहा है आश्वासन

जिला उपाध्यक्ष राजा भाई दांगी ने बताया कि जेपी पावर प्लांट कंपनी ने अभी तक केवल 15 लोगों को नौकरी दी गई हैं जबकि प्रशासन ने 1 महीने के अंदर 40 नौकरी दिलवाने का वादा किया था लेकिन जेपी कंपनी और प्रशासन की ओर से शिविर आयोजित करने के बावजूद भी अभी तक सभी लोगों को नौकरियां नहीं दी गई। किसानों के साथ छलावा कर उन्हें गुमराह किया जा रहा है।

**बीना, देशबन्धु।** जेपी पावर प्लांट कंपनी से उत्पन्न समस्याओं के विरोध में किसानों ने भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजा भाई दांगी के नेतृत्व में जेपी रिफाइनरी के गेट क्रमांक 1 के सामने धरना प्रदर्शन किया। सभी किसान जेपी कंपनी के गेट 1 के सामने बारिश में भी प्रदर्शन कर रहे हैं। राजा भाई दांगी ने बताया कि जेपी रिफाइनरी के कारण आसपास के ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बेतवा नदी स्थानीय लोगों की जीवन दायिनी नदी है। कंपनी की ओर से इस पर बैराज ब्रिज का निर्माण किया गया है। जेपी कंपनी की ओर से अपना अवशिष्ट केमीकल युक्त पानी छोड़ा जाता है। इस कारण से कई बार नदी में बहने वाले सैकड़ों जलचर जीव जंतुओं व मछलियों की मौत हो जाती है। जिससे महामारी फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इस संबंध में शिकायत की गई है लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जेपी कंपनी के आस पास की जो भूमि है उसमें कोयले की धूल उड़ती है जिस कारण से आसपास की फसलें नष्ट हो जाती है। कंपनी से निकले अपशिष्ट पदार्थों की राख हवा द्वारा आसपास के क्षेत्र में फैलती है। जिससे जल, वायु प्रदूषण हो रहा है। इससे विभिन्न प्रकार की बीमारी फैल रही है। जेपी कंपनी द्वारा कंपनी का केमीकल युक्त दूषित पानी छोड़ा जाता है। जिससे आसपास की उपजाऊ कृषि भूमि की उर्वरक क्षमता कम होती जा रही है। दूषित पानी से फसलें नष्ट हो जाती है। शासन व जेपी प्रबंधन के मध्य हुए अनुबंध के नियमानुसार संबंधित किसान परिवारों के सदस्यों को स्थायी नौकरी रोजगार प्रदान नहीं किया गया है। इन किसान परिवारों के सदस्यों को स्थायी रोजगार दिया जाना चाहिए।

## नाले पर पुलिया की मांग, रहवासियों ने सड़क पर लगाया जाम

### नपाध्यक्ष के आश्वासन के बाद सुगम हुआ रास्ता



**रहली।** वार्ड नं. 13 किले के पश्चिम ओर से जो नाला निकला है वह कच्चा है उस नाले में वार्ड नं. 10 एवं गायत्री मंदिर के आसपास का पूरा पानी हमेशा बहता रहता है। उस कारण उस क्षेत्र के समस्त वार्ड वासियों को हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे बरसात के मौसम एवं हर समय परेशानी होती है। रहवासियों ने किले के बाजू में निकासी के लिए पुलिया की मांग को लेकर गुरुवार को सड़क पर जाम लगा दिया करीब एक घंटे चले जाम के बाद मौके पर नपाध्यक्ष व सीएमओ ज्योति शिवहरे पहुंचे और वार्ड वासियों को समस्या को सुना वार्ड के संतोष प्रजापति, कृष्णा सेंधिया, शंकरलाल सेंधिया, सरिता सेंधिया, संध्या प्रजापति, मीराबाई प्रजापति, राजेश कुमार, संजू रावत व अन्य ने बताया की बरसात के दिनों में पानी का बहाव होता है जिससे आवागमन में असुविधा होती है कई बार नपा कार्यालय में केबिनेट मंत्री कार्यालय में आवेदन दे चुके है पर कोई सुनवाई नहीं हुई है और आज मजबूरी में जाम लगना पड़ा। नपाध्यक्ष देवराज सोनी ने बताया की एसडीआरएफ योजना के तहत ढाई करोड़ की लागत का प्रोजेक्ट तैयार किया है जो स्वीकृति हेतु शासन को भेजा है और बहुत जल्द इस पूरे नाले का पक्का निर्माण किया जाएगा, बहुत जल्दी वार्ड 13 सहित वार्ड 10, 11, 12 के लोगो की इस जल निकासी की समस्या से निजात मिलेगी। अभी तत्कालीन रूप से इन लोगो के निकासी के लिए दो बड़ी पुलिया डालने के निर्देश उपयंत्री व ठेकेदार को दिए है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।